

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी





प्रकृति जीवन का उत्सव ....

सरस्वती पूजा

वर्ष : 11 अंक : 47 लखनऊ, 03 फरवरी, सोमवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# अयोध्या में दलित महिला की क्रूर हत्या का मुद्दा गरमाया

## अयोध्या में हुई दलित लड़की की हत्या पर योगी आदित्यनाथ ने दी प्रतिक्रिया, सपा को खूब सुनाया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी(सपा) पर जोरदार हमला करते हुए उसे 'सनातन विरोधी' करार दिया और आरोप लगाया कि इसे सिर्फ 'गाजी' और 'पाजी' ही प्यारे हैं। आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए इसे (उपचुनाव को) 'राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद' का चुनाव करार दिया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, समाजवादी पार्टी(सपा) सनातन धर्म विरोधी है। वह सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और महापुरुषों की विरोधी है। यह भारत विरोधी तत्वों और माफिया को गले लगाती है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा के लोगों का पेशा ही अपराध करना, गुंडागर्दी करना, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाना है। उन्होंने दावा किया कि इनका तो नारा ही था कि समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। उन्होंने कहा, 'समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष (अखिलेश यादव) के पिछले दो महीनों के ट्वीट (एक्स पर की गयी पोस्ट) को देखिये।उन्होंने इस दौरान जितने भी वक्तव्य दिए हैं, वे इस सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का विरोध करते हुए दिए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर के लोग आकर अभिभूत हो रहे हैं लेकिन पीड़ा सपा को हो रही है। उन्होंने कहा, 'जिस चीज से सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, जिससे हर भारतीय का सीना चौड़ा होता हो, जिससे हर व्यक्ति अभिभूत होता हो, उससे समाजवादी पार्टी को पीड़ा होती है।'



मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह वही समाजवादी पार्टी है जो बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करती है और कहती है कि इसे गाजी (सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी) का (स्मारक) होना चाहिए। उन्हें गाजी और पाजी (अराजक तत्व) प्यारे हैं।' उन्होंने सपा पर अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और (रामलला के नवीन विग्रह की) प्राण प्रतिष्ठा के अलावा अयोध्या के विकास और अयोध्या हवाई अड्डे के निर्माण का विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अयोध्या के पूरा कलंदर क्षेत्र में हुई बलात्कार की एक कथित घटना के आरोपी सपा नेता मुईद खान और कन्नौज में एक किशोरी से बलात्कार के आरोपी नवाब सिंह यादव का नाम लेते हुए कहा, इन्हें (सपा को) इसी मिल्कीपुर का मुईद खान प्यारा है।इन्हें कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है, जिसने एक बेटी की इज्जत पर हाथ डाला।

आदित्यनाथ ने शनिवार को अयोध्या में एक लड़की का शव बरामद होने की घटना का भी जिक्र करते हुए दावा किया कि दलित बेटी के साथ हुई इस घटना की जांच में दोषी व्यक्ति सपा का ही निकलेगा।मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'समाजवादी पार्टी हर माफिया, हर दुष्चरित्र व्यक्ति के साथ हमेशा खड़ी होती है। जो भी घटना घटित होती है, उसके पीछे समाजवादी पार्टी का हाथ होता है।उसे इस बात की पीड़ा है कि आखिर कैसे भारत का गौरव बढ़ रहा है? कैसे सनातन धर्म का गौरव बढ़ रहा है? कैसे इसका महिमा मंडन हो रहा है?' उन्होंने दलित और पिछड़ा बहुल मिल्कीपुर में इन वर्गों के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश के तहत कहा, 'वीरांगना ऊदा देवी, पासी जाति की वीरांगना थीं, जिन्होंने देश की आजादी की महत्वपूर्ण लड़ाई को नेतृत्व दिया था।

## दलित महिला के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या शर्मनाक : राहुल गांधी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ,उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुई 22 वर्षीय दलित महिला की क्रूर हत्या अब राजनीति का मुद्दा बन गयी है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बाद अब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।उनको अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने योगी सरकार को खूब सुनाई है।

## सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो : मायावती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है।



मायावती ने कहा, यह बेहद दुःखद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था, बेहद दुःखद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं। उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है। यादव ने कहा था, प्रशासन ने तीन दिन पहले ही अगर परिवार की सूचना पर ध्यान दिया होता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफटी | 24,641.80 |

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलुरु और दिल्ली के बीच दैनिक सीधी उड़ान सेवा शुरू की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कर्नाटक में हवाई संपर्क सुविधा में सुधार करने के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) और दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दैनिक सीधी उड़ान सेवा शुरू की है। एमआईए के प्रवक्ता की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पहली उड़ान एक फरवरी को सुबह छह बजकर 40 मिनट पर मंगलुरु से रवाना हुई और सुबह नौ बजकर 35 मिनट पर दिल्ली पहुंची। इसके साथ ही एक उड़ान सुबह छह बजकर 40 मिनट पर दिल्ली से रवाना होकर नौ बजकर 35 मिनट पर मंगलुरु पहुंची। मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरोड्रोम बचाव एवं अग्निशमन (एआरएफएफ) इकाई ने पहली उड़ान के यहां पहुंचने पर पानी की बौछारों से उसका स्वागत किया। पहली उड़ान से 167 यात्री दिल्ली पहुंचे, जबकि 144 यात्री दिल्ली से मंगलुरु आए।

## भारत-इंडोनेशिया के संबंध साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि ये हजारों साल की साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं तथा दोनों देशों की अनेकता में एकता की परंपरा है।मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महा कुंभ-अभिषेकम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महा कुंभ-अभिषेक का हिस्सा बना हूं। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते...मैं महा कुंभ-अभिषेक के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, उनके (प्रबोवो) जरिए आप सब हर भारतीय की शुभकामनाओं को वहां अनुभव कर रहे होंगे।

मोदी ने कहा, मैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया समेत दुनिया भर में भगवान मुरुगन के करोड़ों भक्तों को जकार्ता मंदिर के महा कुंभ-अभिषेकम की बधाई देता हूं। मेरी कामना है तिरुप्पुगल के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन का यशगान होता रहे। स्कंद षष्ठी कवचम् के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ भू-राजनैतिक नहीं हैं।हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं।मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हैं और ज्ञान की प्रतीक देवी सरस्वती को समर्पित हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### गुजरात में बस खाई में गिरने से पांच तीर्थयात्रियों की मौत, कई घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 15 मिनट पर हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के निकट चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस अवरोधक को तोड़कर लगभग 35 फुट गहरी खाई में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि पांच लोगों- दो महिलाओं और तीन पुरुषों- की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अहवा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं। बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 50 करोड़ रु से अधिक मूल्य की चरस, सोना, हीरे जब्त, आठ आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**मुंबई ,** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चरस , सोना और हीरे जब्त किए गए तथा इस संबंध में आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।सीमा शुल्क अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई सीमा शुल्क के अनुसार, ये जब्तियां 28 जनवरी से 31 जनवरी के बीच एक विशेष अभियान के दौरान की गईं। अधिकारियों ने 50.116 करोड़ रुपये मूल्य की 50.11 किलोग्राम चरस , 93.8 लाख रुपये मूल्य के हीरे और 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया।

## सरस्वती माँ को समर्पित माना जाता है वसंत पंचमी का त्योहार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

### कला व संगीत से जुड़ने की प्रेरणा देता है यह दिवस

नयी दिल्ली। हिंदू कलैंडर के अनुसार, माघ माह में वसंत पंचमी जैसे कई पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व आते हैं। वसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए समर्पित है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां बढ़ती हैं। वसंत पंचमी का पर्व माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन शिक्षा से जुड़े संस्थानों, घरों और मंदिरों में मां सरस्वती की पूजा का विशेष आयोजन किया जाता है।ऐसे में आइए जानते हैं वसंत पंचमी के दिन का क्या महत्व है।

#### आज ही के दिन हुआ था देवी सरस्वती का जन्म?

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। हर वर्ष इसी उपलक्ष्य में वसंत पंचमी मनाई जाती है। देवी सरस्वती को कला, विद्या और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन की पूजा-अर्चना से ज्ञान, कला और संगीत का आशीर्वाद प्राप्त होता है।इसके साथ ही यह पर्व नई फसल और प्रकृति के बदलाव का उत्सव भी है।इस मौसम में सरसों के पीले फूल, आम के पेड़ों पर नई बौर, और गुलाबी ठंड पूरे वातावरण को आनंदमय बना देती है।यह समय न केवल मनुष्य बल्कि पशु-पक्षियों में भी नई ऊर्जा का संचार करता है।



#### वसंत पंचमी को मानते हैं शुभ दिन

कई लोग वसंत पंचमी के दिन अपने नए काम की भी शुरूआत करते हैं। कुछ लोग इस दिन बच्चों का अक्षरारंभ करवाते हैं।यह माना जाता है कि इस दिन की गई शुरूआत बहुत शुभ होती है। इस दिन पीले रंग का खास महत्व है। पीला रंग ज्ञान और खुशी का प्रतीक है।इसलिए लोग पीले कपड़े पहनते हैं और पीले रंग के पकवान बनाते हैं।

#### बच्चों के लिए है मस्ती का दिन

बसंत पंचमी के दिन कई जगहों पर मेलों का आयोजन भी किया जाता है। जहाँ लोग जाकर खरीदारी करने के साथ झूला भी झूलते हैं।बच्चों के लिए यह दिन बहुत खास इसलिए भी होता है क्योंकि वे नए कपड़े पहनते हैं और पतंग उड़ाते हैं।मिठाइयां खाते हैं और खूब मस्ती-मजाक करते हैं।

## केजरीवाल ने वादे पूरे करने की बजाय बहाने बनाये: अनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपने वादे पूरे करने के बजाय बहाने बनाने का शनिवार को आरोप लगाया।ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में कमल खिलेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मुस्तफाबाद और ओखला में चुनावी रैलियों को संबोधित करते आरोप लगाया कि केजरीवाल ने पिछले 11 वर्षों में लोगों को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनता उन्हें पद से हटाने और भाजपा सरकार बनानेके लिए तैयार है। ठाकुर ने कहा, 11 साल तक केजरीवाल ने सिर्फ झूठे वादे किए। उन्होंने कहा, उन्होंने (केजरीवाल) ने दावा किया था कि वह दिल्ली की हवा को साफ कर देंगे, लेकिन प्रदूषण और भी बदतर हो गया है।उन्होंने यमुना को साफ करने और उसमें डुबकी लगाने की कसम खाई थी, फिर भी नदी बहुत ज्यादा प्रदूषित बनी हुई है।उन्होंने स्वच्छ पेयजल का वादा किया था, लेकिन लोग अब भी दूषित पानी की आपूर्ति से जूझ रहे हैं।उन्होंने अच्छी सड़कों का वादा किया था, लेकिन आप के शासन में दिल्ली की सड़कें बदहाल हो गई हैं।

## रेलवे क्रॉसिंग पर गार्डर गिरने से लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर डेढ़ घंटे तक बाधित रहा यातायात

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । सुलतानपुर जिले में लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई।हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एकट्रक से रेलवे पुल के निर्माण के लिये ले जाये जा रहे आठ गार्डर पटरी पर गिर गए।स्टेशन अधीक्षक एस एस मीणा ने बताया कि सुबह वाराणसी की ओर जा रहा एक ट्रक जब रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा तभी उसकी जंजीर टूट गई और उस पर लदे आठ गार्डर पटरी पर गिर गये, फलस्वरूप रेल और सड़क दोनों ही यातायात प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अप लाइन की गाड़ियों को डाउन लाइन से गुजारने की व्यवस्था की तथा वाराणसी जा रही मालगाड़ी को आधे घंटे तक आउटर पर रोका गया। मीणा के मुताबिक इसके अलावा वाराणसी-लखनऊ शटल एक्सप्रेस को 20 मिनट तक रोककर डाउन लाइन से भेजा गया। शिवनगर-उतरौटिया मेमू को भी पखरौली में आधे घंटे रोककर डाउन ट्रैक से सुलतानपुर भेजा गया। कुल मिलाकर इस हादसे में तीन ट्रेन सहित छह रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं।मीणा ने बताया कि रेलवे और देहात कोतवाली पुलिस की निगरानी में क्रेन की मदद से गिरे हुए गार्डर को हटाया गया। उनके अनुसार करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद रेलवे लाइन को साफ किया गया और सुरक्षा जांच के बाद यातायात बहाल हुआ।

## देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर : निर्मला सीतारमण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा।

सीतारमण ने पीटीआई-के साथ साक्षात्कार में कहा, इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं।एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों। मूडीज रेटिंग्स ने शनिवार को सरकार द्वारा अपने वित्त को विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों के बावजूद भारत की साख को तत्काल बढ़ाने की बात से इनकार किया था।

मूडीज ने फिलहाल भारत की रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ बीएए3 पर बरकरार रखा है। यह निवेश के लिहाज से निम्न स्तर की रेटिंग है।भारत राजकोषीय अनुशासन और मुद्रास्फीति नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन मूडीज का कहना है कि साख बढ़ाने के लिए ऋण के बोझ में पर्याप्त कमी और अधिक महत्वपूर्ण राजस्व उत्पन्न करने वाले उपाय आवश्यक हैं।हाल के सुधारों के बावजूद, राजकोषीय घाटा और कर्ज-जीडीपी अनुपात महामारी-पूर्व के स्तर की तुलना में व्यापक बना हुआ है।कर्ज पर ब्याज अदायगी की लागत बजट में सबसे बड़ा हिस्सा बनी हुई है।

सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश अपने आठवें बजट में कहा कि पिछले साल किये गये वादे के अनुसार चालू वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 प्रतिशत होगा इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक घटाकर 4.4 प्रतिशत पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने कहा है कि दीर्घकालीन स्तर पर हम अपने कर्ज का प्रबंधन इस तरह से करेंगे कि ऋण-जीडीपी अनुपात लगातार कम हो।हम ठीक वैसे ही आगे बढ़ रहे हैं, जैसा कि एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में बताया गया है। कर्ज को नीचे लाया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ऐसे कदम उठाये हैं, जो कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं द्वारा भी नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी भी विकसित देश के साथ अपने आकार की तुलना नहीं कर रही हूं। लेकिन सिद्धांत के तौर में, सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में कर्ज में कटौती करना, राजकोषीय घाटे को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने पर काम किया जा रहा है। और यह सब सामाजिक कल्याण योजनाओं, शिक्षा या स्वास्थ्य पर किसी भी नकारात्मक प्रभाव के बिना किया जा रहा है।

# आईआईटी धनबाद ने एलुमनाई डॉ. राजेश्वर सिंह को प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स अवार्ड्स से किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार







सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के लिए भावनात्मक उपलब्धि भरा रहा। आईआईटी धनबाद, पूर्ववर्ती इंडियन स्कूल ऑफ माइनिंग द्वारा डॉ. सिंह को प्रतिष्ठित 'डायरेक्टर्स अवार्ड्स फॉर सर्विंग सोसाइटी' से सम्मानित किया गया। विधायक को यह पुरस्कार संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बसंत - 2025 अल्मुनी रियूनियन वार्षिक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया। इस दौरान डॉ. सिंह की धर्मपत्नी एवं नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और बेटी राजलक्ष्मी भी साथ रही।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को यह सम्मान अपनी विधानसभा क्षेत्र में अपने विजन और जनहितकारी योजनाओं, जनसेवा के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह संस्थान से 1996 बैच के पास आउट रहे हैं। इस अवसर पर आईआईटी धनबाद की प्रतिष्ठा और योगदान को याद करते हुए डॉ. सिंह ने कहा आईआईटी धनबाद जो 99 वर्षों से उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र रहा है, को एनआईआरएफ 2024 रैंकिंग में भारत के शीर्ष 15 इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्थान मिला है। इस संस्थान ने देश को कई कुशल इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी और समाज सुधारक दिए हैं। यहां के एलुमनाई कोल इंडिया, गेल, सेल आदि नवरत्न और महारत्न कंपनियों का नेतृत्व करते रहे हैं,



और कर रहे हैं। जिनका राष्ट्र के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिंह ने कहा इस संस्थान से हमें जो ज्ञान मिलता है, जो व्यक्तित्व हमें यहाँ मिलता है, वह अनुपम है, बेजोड़ है, जो सुविधाएँ यहाँ स्टूडेंट्स को दी जाती हैं, वह अद्वितीय हैं। अपने अनुभवों को साझा करते हुए डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा उनके पिता चाहते थे कि वे पुलिस सेवा में जाएं। उन्होंने अपने इंजीनियरिंग ज्ञान का उपयोग साइबर इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस में किया उन्हें राष्ट्रपति द्वारा गैलंट्री मेडल से पुरस्कृत किया गया, और बाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में काम किया, जहाँ उन्होंने सफेद पोश क्राइम कोयला घोटाले जैसे कई मामलों का पदार्फाश किया। उन्होंने कहा कि आज राजनीति में रहते हुए भी वे अपने निर्णयों में एक इंजीनियर की सोच अपनाते हैं और डिजिटल साक्षरता तथा सतत विकास को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

विधायक ने स्टूडेंट्स को नई आस और विजन प्रदान करने के लिए आईएसएम की सराहना की। विधायक ने बताया कि जब मैंने चुनाव लड़ा था, तब सैकड़ों आईएसएम एलुमनाई एक परिवार के सदस्य की तरह मेरे लिए जनसंपर्क कर रहे थे।

विधायक ने आगे जोड़ा यहाँ पढ़ रहे युवाओं का भविष्य उज्जवल है। निदेशक प्रो. मिश्रा की प्रशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि वे संस्थान को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहे हैं। आने वाले समय में संस्थान देश के टॉप 5 टेक्नोलॉजी संस्थानों में होगा। विधायक ने वर्ष 2026 में आयोजित हो रहे संस्थान के सेंटनेरियन वर्ष कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए 10 लाख की राशि प्रदान की। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष (बीओजी) प्रोफेसर प्रेमव्रत, निदेशक और संरक्षक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, पूर्व चेयरमैन डीडी मिश्रा, उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार, डीन प्रो. आर. एम. भट्टाचार्जी, उपाध्यक्ष अलमुनि एसोशिएशन प्रो.बिस्वजीत पॉल एवं नीलमणि उपाध्यक्ष, संयोजक बसंत 2025 प्रो. सहेन्द्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, दो लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

● रहीमाबाद थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गांव की घटना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी युवक का शव पेड़ से मफलर के सहारे लटकता हुआ मिला। युवक की मां ने दो लोगों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज। मिली तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालता खेड़ा निवासी मृतक रिंकू (26) की मां फूलमती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा बेटा गत 28 जनवरी को शाम को गांव के दो लोगों के साथ बाइक से रहीमाबाद गया था। वापस घर लौटते समय कैथुलियां गांव के पास तेरवा निवासी अम्मार गाजी से मेरे बेटे व अन्य दो लोगों के साथ विवाद हुआ था जिसमें मेरे बेटे को अम्मार ने मारपीट करके पुलिस के हवाले कर दिया था।

## विगत 29 जनवरी को दर्ज हुआ था लूट का मुकदमा

बीती 29 जनवरी को रहीमाबाद थाने में लूट का फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया था। जांच के बाद पुलिस ने रिंकू का शांति भंग में चालान कर दिया था। जमानत के बाद से रिंकू गुमसुम अवस्था में रहने लगा था। फर्जी लूट वाली घटना के दिन बेटे के साथ बाइक से गये सुभाष ने शनिवार को धमकी दी थी कि मैं थाने पर हूं अगर तुम थाने नहीं आये तो जान से मार डालूंगा। रविवार सुबह ग्रामीण गांव से करीब तीन सौ मीटर दूरी पर सिंचाई करने के



मृतक रिंकू फाइल – फोटो

लिए खेतों पर गए थे। तभी देखा कि मनकौटी निवासी मुमताज के यूकेलिप्टस के पेडों के बीच अन्जीर के पेड़ से मफलर के सहारे फांसी के फन्दे पर रिंकू का शव लटकता देख सूचना दी। मौके पर पहुंचे तो देखा कि बेटे के पैर जमीन पर थे और घुटने मुड़े हुए थे। मेरे बेटे की हत्याकर उसे फांसी का रूप देते हुये फंदे से लटका दिया गया था। अम्मार गाजी और सुभाष के अलावा मेरे बेटे का किसी से कोई वाद विवाद नहीं था। दोनों ने ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। अम्मार गाजी और सुभाष ने ही बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से मफलर से फंदे से लटका दिया। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि रिंकू की हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकता दिया गया है। रिंकू के पैर जमीन को छू रहे थे, जिसे देखकर लोग हत्या की आशंका जाता रहे हैं। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर पर सुभाष और अम्मार गाजी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# चलती एसयूवी बनी आग का गोला, कूदकर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोसाईंगंज में रविवार को चलती एसयूवी में आग लग गई। ड्राइवर ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। अग्निशमन कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। जानकीपुरम निवासी पवन मिश्रा रविवार तड़के एसयूवी लेकर वाराणसी से घर लौट रहे थे। वह गोसाईंगंज स्थित सुल्तानपुर रोड स्थित कबीरपुर पहुंचे ही थे तभी कार के इंजन से धुआं और लपट निकलने लगी। आग देख आनन- फानन में कार सड़क किनारे की और कूद कर उन्होंने अपनी जान बचाई। एफएसओ पीजीआई मामचंद बड़गूजर के मुताबिक एक दमकल की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि कार तब तक काफी हद तक जल चुकी थी। शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा है।

# पत्नी चीखती रही सिपाही ने लगा ली फांसी

● बंथरा थाने के सरकारी क्वार्टर की घटना, एसीपी कृष्णानगर के कार्यालय में तैनात थे

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा थाने के सरकारी क्वार्टर में रह रहे सिपाही अजय सैनी की पत्नी रविवार दोपहर चीखती-चिल्लाती रही उसने फांसी लगा ली। शोर सुनकर जबतक थाने परिसर से महिला सिपाही दौड़कर पहुंची। पुलिस कर्मियों की मदद से खिड़की तोड़कर कमरे में पहुंची। अजय को फंदे से उतारकर अपोलो अस्पताल ले गई तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। आंखों के सामने पति को फांसी लगाते देखने के बाद से काजल सदमे में है। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि अजय का पत्नी से विवाद हुआ था। पारिवारिक कलह के चलते अजय ने फांसी लगाई है। एसीपी कृष्णानगर सौम्या पांडेय के मुताबिक अजय मूल रूप से बिजनौर जनपद के नहटौर के रहने वाले थे। वह 2019 बैच के



मृतक अजय फाइल फोटो

सिपाही थे। रविवार को छुट्टी के कारण अजय घर पर थे। इस बीच पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। अजय कमरे में पहुंचे और उन्होंने फंदा लगाकर फांसी लगा ली। अजय को फांसी लगाते देख उनकी पत्नी चीखने लगी। शोर सुनकर थाने से महिला सिपाही और अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे। आनन फानन अजय को उतारा और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अजय के परिवारीजन को सूचना दे दी गई है।

# नशे में धुत तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार सहित दो कारों को मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर भूटान राजा के आगमन को लेकर रविवार को चल रहे रिहर्सल के दौरान नशे में धुत तेज रफ्तार कार सवार ने एक बाइक सवार सहित आगे खड़ी दो कारों को ठोक दिया। जिससे बाइक सहित दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में मौके पर मौजूद पुलिस ने नशेड़ी कार चालक व उसके साथियों को हिरासत में ले लिया है। बताते हैं कि कल सोमवार को भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक को राजधानी लखनऊ आना है। उनके आगमन को लेकर रविवार शाम करीब 6:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के पास फ्लीट का रिहर्सल चल रहा था। इस रिहर्सल को लेकर कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट वीआइपी तिराहे से एयरपोर्ट जाने वाली रोड पर लक्ष्मण चौक से पहले पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों को कुछ देर के लिए रोक दिया था। इसी बीच वहाँ पहुँची एक तेज



रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने वहां पर स्प्लेंडर प्लस बाइक लेकर खड़े कृष्णा नगर के आसाराम बापू रोड निवासी नीरज गुप्ता की बाइक में ठोकर मार दी। लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद आगे वैगन आर कार लिए खड़े सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा निवासी विनय यादव की कार में ठोकर मारी। उसकी ठोकर लगने से आगे खड़ी एक स्विफ्ट डिजायर कार में वैगन आर जा भिड़ी। इस घटना में सभी गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने ठोकर मारने वाली गाड़ी को घेर लिया और उसके चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम बहराइच का रहने वाला शिवम तिवारी बताया। पुलिस के मुताबिक शिवम तिवारी शराब के नशे में काफी धुत था। इसके अलावा उसके साथ कार में सचिन और आशीष व एक अन्य युवक भी सवार थे। सभी शराब के काफी नशे में थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद चारों को हिरासत में ले लिया। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया की उक्त वाहन चालक सहित उसके साथ सवार सभी काफी नशे में थे और उन्होंने कई गाड़ियों में ठोकर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। सभी को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अगर किसी ने उनके खिलाफ तहरीर दी तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सपा पूर्व विधायक ने पीडीए चौपाल में किया संबोधन, सरकार पर उठाए सवाल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में गोसाईंगंज रविवार को पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के गोसाईंगंज ब्लाक के कस्बा अमेठी अंसारी वार्ड में आयोजित पीडीए चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया इस दौरान आयोजक सेक्टर प्रभारी सभासद उदय भान यादव ने पूर्व विधायक का स्वागत और अभिनंदन किया पीडीए चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार में किसानों मजदूरों बेरोजगारों दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यक समेत अन्य शोषित वंचित वर्गों की समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और सभी से पीडीए के पक्ष में एक जुट रहने की अपील की कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव संतोष रावत धर्मवीर पासवान सभासद ज्ञान सिंह यादव धर्मेन्द्र यादव विनोद कुमार रावत शद्दाम हुसैन वरशुन मनोज रावत संत राम रावत हरी शंकर रावत सचिन कुमार राहुल यादव प्रीतम सिंह यादव आशीष राजपुत समेत गांव के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बंथरा में चलती कार बनी आग का गोला



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। रविवार को चलती कार में आग लग गई। उन्नाव के असोहा कांथा निवासी सुक्रीत के मुताबिक रविवार को वह अंकित के साथ कार की सर्विसिंग कराने आलमबाग आए थे। दोनों लोग गाड़ी की सर्विसिंग कराकर देर शाम घर लौट रहे थे। बंथरा स्थित आजाद विहार पहुंचे थे तो उन्हें कुछ जलने की गंध आई। कार रोककर वह दोनों उतर गए। उन्होंने गाड़ी का बोनट खोला तो धुआं निकल रहा था। जब तक वह कुछ समझ पाते आग की लपट निकलने लगी। आग देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। एफएसओ सरोजनीनगर के मुताबिक दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

# गांव के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त नहीं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम सलेहनगर में रविवार को एक करीब 35 वर्षीय युवक का शव मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किए पर उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक सलेहनगर पुलिया पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। कुछ समय से यह युवक क्षेत्र में इधर-उधर टहल रहा था। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की पहचान कराई जा रही है।

# डाला चालक से पैंसठ हजार रुपए की लूट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंडी से डाला खाली कर वापस घर लौट रहे डाला चालक से बदमाशों ने मारपीट कर कार सवारो ने चालक से हजारों की नगदी लूट फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ताड़ खेड़ा निवासी जय सिंह यादव शनिवार रात पुरानिया सें डाला खाली करके अपने घर लौट रहा था। तभी जैतीखेड़ा से ढेंढेमऊ जाने वाले मार्ग पर दो अज्ञात लोग अल्टो कार से ओवरटेक कर डाला के आगे आल्टो कार लगाकर जय सिंह को गाड़ी से बाहर निकाल कर पीटने लगे। तभी पीछे से बाइक से आये सवार ने गाड़ी से 65 हजार लूटकर फरार हो गए।

वह रुपए डाला चालक जय सिंह यादव को गल्लामण्डी पुरनिया से मिले थे। वह घटनास्थल से किसी तरह बचकर घर पहुंचा और परिजनों को आप बीती बताइए। रविवार को पीड़ित जय सिंह यादव ने उसके साथ घटी घटना की जानकारी तहरीर के माध्यम से मलिहाबाद को पुलिस दी।

इस संबंध में मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त अमोल मुर्कुट ने बताया मिली तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# दबंगो ने मामूली बात पर दो भाइयों को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में दो दिन पुर्व रात्रि समय गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे अज्ञात दबंगो ने गाड़ी हटाने की विवाद पर दो भाइयो पर हमला बोल दिया और ईट से प्रहार करने लगे जिससे एक भाई का कान कट गया और खून से लथपथ हो गया पीड़ित की शिकायत पर मानक नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है मानक नगर थाना अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया की बाबू बल्खंडी प्रसाद मार्ग दौदा खेडा मानक नगर में रहने वाले अनुराग सिंह पुत्र राम औतार सिंह के अनुसार बीते 31 जनवरी की रात्रि करीब 9 बजे उनका छोटा भाई अविनाश सिंह कानपुर से मेमू ट्रेन से मानकनगर रेलवे स्टेशन उतरा था, जिसे रिसीव करने वह अपनी कार से स्टेशन गए थे और अपनी कार मेहंदी खेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास ही खड़ी किये थे भाई को स्टेशन से लेकर अपनी गाड़ी पर वापस लौटे तो देखा कि 4 से 5 लोग गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे थे और गाली गलौज कर रहे थे पीड़ित ने अपनी गाड़ी निकालने के लिए गाड़ी हटाने को कहा तो सभी आक्रोशित हो मारपीट करने लगे और फिर इंट से मारने लगे और ईट पीड़ित के छोटे भाई के सिर पर जा लगा और कान फटकर लटक गया कान के पीछे सर पर गहरी चोट लग गई जिससे छोटा भाई खून से लथपथ हो गया और नशेड़ी युवक भाग खड़े हुऐ पीड़ित ने अपने छोटे भाई को चोटिल अवस्था में गाड़ी में बैठा मानक नगर थाने पहुँच पुलिस से लिखित शिकायत की है ।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गईक पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। बिजनौर के परवर पश्चिम गांव में रहने वाले रामलाल के मुताबिक बीते शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर छोटे भाई नारायण, उसके बेटे रवि, शनि और नारायण की पत्नी माधुरी ने मिलकर रामलाल, उसके बेटे दीपक, भतीजे विनय और विनायक पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जमकर मारा पीटा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष की माधुरी ने आरोप लगाया कि रामलाल. दीपक, दिलीप, विनय और विनायक ने माधुरी, उसके पति नारायण और छोटे बेटे को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। विरोध करने पर पीड़िता को बाल पकड़कर गिरा दिया। जिससे वह चोटिल हो गई। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता जान बचाकर घर को भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे और उसके परिवार वालों को मारा पीटा। फिलहाल पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# बाबा रामनाथ कुटिया पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

## आज मेले में कबड्डी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

गोसाईंगंज के घुसकर ग्राम में श्री बाबा रामनाथ कुटिया का 51वां वार्षिक मेला विशाल भंडारे के साथ हुआ शुरू

अमन लेखनी समाचार

गोसाईंगंज। के घुसकर गाँव में श्री बाबा रामनाथ कुटिया पर लगने वाला दो दिवसीय वार्षिक मेला रविवार को विशाल भन्डारे के साथ शुरू हुआ। साधु सन्तो को प्रसाद व कम्बल वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया गया।

जिसके बाद क्षेत्र के हजारो लोगो ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आज मेले मे कबड्डी प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। गोसाईंगंज के ग्राम घुसकर गांव में स्थित बाबा



रामनाथ समाधि स्थल पर रविवार को रामायण पाठ के समापन पर हवन - पूजन के बाद 51वॉ वार्षिक मेला विशाल भन्डारे के साथ शुरू हुआ। आयोजक आदित्य प्रकाश त्रिपाठी व अनिल त्रिपाठी व यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवम त्रिपाठी ने साधु-सन्तो को प्रसाद व कम्बल वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया। जिसके बाद भंडारे में पूड़ी-सब्जी व खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

आयोजक जिला सहकारी बैकं लखनऊ के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी ने बताया सोमवार को बसंत पंचमी के मौके पर विशाल मेले के साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता व रात्रि मे सास्कृतिकं कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी राम शंकर त्रिपाठी, हरिनाम सिंह यादव, ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी ,शम्भू नाथ पांडे ,चेयरमैन निखिल मिश्रा, प्रधान ललित शुक्ला, गणेश शंकर वर्मा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पर्कंज नयन, भाजपा नेता डीडी त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# अवध विहार कालोनी में पूरे दिन बिजली ना आने से पानी को तरसे उपभोक्ता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। नादरगंज विद्युत उपकेन्द्र क्षेत्र में बिजली की आवा-जाही लगी रहती है। लेकिन रविवार को यहां की अवध विहार कालोनी की बत्ती सुबह ही गुल हो गई। छुट्टी के दिन सुबह से ही बिजली न आने के कारण उपभोक्ताओं को पानी को तरसने के लिए मजबूर होना पड़ा। अवध विहार कालोनी में विद्युत आपूर्ति के लिए बदालीखेड़ा में ट्रासफार्मर लगाया गया है। रविवार की सुबह करीब साढे दस बजे ही यहां की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। रविवार को पूरा दिन बिजली न आने के कारण लोगो को स्कूली बच्चों की ड्रेस धुलने के लिए पानी नही मिला। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए इसका कारण जानना चाहा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पानी के लिए परेशान उपभोक्ताओं ने दिन में कई बार पावर हाउस फोन कर बिजली आने के समय की जानकारी करने की कोशिश की। लेकिन उन्हें कोई जवाब नही मिला। शाम पांच बजे उन्हें विद्युत उपखंड अधिकारी द्वारा लाइट न आने का कारण भूमिगत केबल में खराबी आने की जानकारी दी गयी। फिलहाल बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से स्थानीय उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

## संक्षेप

### शराब के नशे में युवक परिजनों के साथ करता अभद्रता

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक परिवार शराबी बेटे की दादागिरी से परेशान होकर पुलिस की शरण में पहुंचा है। मोहल्ला मुन्नू मियां तलैया निवासी रामदेवी ने आज रविवार शाम साढ़े चार बजे अपने बेटे मोहन के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि उनका बेटा मोहन शराब के नशे का आदी है रोज शराब पीकर घर आता है और माता-पिता को गालियां देता है इतना ही नहीं नशे की हालत में वह घर में रखी चीजों की तोड़फोड़ भी करता है और परिवार को धमकता रहता है। परिवार में बताया कि मोहन की इस हरकत से वे सभी डरे और परेशान है उन्होंने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर के पास गहरा गड्ढा, कई बार हो चुकी दुर्घटनाएं

बांगरमऊ, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर मुस्तफाबाद स्थित मंदिर के पास एक गहरा गड्ढा वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। यह मार्ग राजधानी लखनऊ का प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण यहां वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है. स्थानीय निवासियों के अनुसार इस गड्ढे के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं वाहन चालकों को या तो गड्ढे से होकर गुजरना पड़ता है या फिर जोखिम भरा विकल्प चुनना पड़ता है. ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आज रविवार शाम चार बजे मुख्यमंत्री पोर्टल पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मार्ग की मरम्मत कर गड्ढा मुक्त करने की मांग की है.उनका कहना है कि यह समस्या न केवल यातायात को प्रभावित कर रही है।बल्कि आम नागरिकों की दैनिक गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

### हजरत इमाम हुसैन की विलादत नज्र व महफि ल बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई

उन्नाव। हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की यौमे विलादत बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर जगह-जगह महफिलों और नज्र हुई। उन्नाव के दादा मियां हाकिम टोला में जश्ने इमाम हुसैन का आयोजन किया गया। महफिल में हजरत इमाम हुसैन की फजीलत बयान की गई। महफि ल के बाद शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किये। महफि ल के बाद इमाम हुसैन (अ.स) की नज्र की गई, जिसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोहम्मद अहमद (डियर खान), शबाब हुसैन, तनवीर खान, नफीस, सैफ रहमान, आशिक अली नियाजी, हाफि ज फखरुद्दीन, हसन अली साबरी, मोहम्मद अहमद, साहिल फैजाबादी, परवेज, नियाज, मोहम्मद आशिफ, बरकत अली, शाबान मालिक, वसीम रजा, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद अब्बास तमाम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## पति-पत्नी के 35 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र, महिला थाना, थाना बेहटा मुजावर व थाना पुरवा से 06-06 व थाना कोतवाली सदर व थाना बिहार से 02-02, थाना गंगाघाट, थाना अजगैन, थाना बारासगवर, थाना हसनगंज, थाना बांगरमऊ, थाना फतेहपुर चौरासी व थाना अचलगंज से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, शिल्पी श्रीवास्तव, साबिहा उमर, संजय चौरसिया राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 मनीष सिंह सेंगर, सागीर अमहद व अबसार अली एवं सहयोगी अंकित सिंह, शिवेन्द्र चौहान व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, कमलेश कुमारी, उपसना गुप्ता साधना, मीनू, अंजुला, शीलू पाल, विनिमय गौतम, भावना सिंह, ज्योति, रीता, सोनिया, दीपा सिंह, सोनम, पूनम राजपूत, अल्का यादव, शशि वर्मा, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह का विशेष योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हाजीपुर चौकी के अगेहरा गांव में 50 वर्षीय तन्नू सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक नशे का आदी था, जिस कारण उसकी पत्नी अपने दो बच्चों 17 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटे के साथ दिल्ली में रहती थी।शनिवार को तन्नू सिंह की मौत की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए। मृतक के चचेरे भाई ने इस घटना की सूचना हाजीपुर पुलिस चौकी को दी। चौकी इंचार्ज संतोष ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रविवार को जब मृतक के परिजन अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे, तो उन्होंने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपने आरोपों पर डटे रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लाखो की लागत से तैयार हुआ आरओ प्लांट बना शोपीस

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। ब्लॉक स्थित अतहा गांव में स्वच्छ पेयजल की सुविधा देने के लिए लगाया गया लाखों रुपये का आरओ प्लांट आज पूरी तरह से बेकार हो चुका है। शुरूआत में बड़े उत्साह के साथ स्थापित किया गया यह प्लांट अब लोहे के कबाड़ में तब्दील हो गया है।ग्रामीण आदर्श के अनुसार, प्लांट में कुछ ही समय बाद तकनीकी खराबियां आने लगीं। प्रशासनिक उदासीनता और रखरखाव के अभाव में यह जल्द ही बंद पड़ गया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि प्लांट की स्थापना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया।इस स्थिति का सीधा असर गांव के लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों को अब दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन का कहना है कि बजट की कमी और संसाधनों के अभाव में प्लांट का संचालन नहीं हो पा रहा है।ग्रामवासियों ने प्रशासन से या तो प्लांट की मरम्मत करने या वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यह मामला स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ा है, जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## लखनऊ कानपुर रेलमार्ग पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर ट्रेनों की गति को 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गंगाघाट स्टेशन में बड़ा काम शुरू होने जा रहा है। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के बाद उत्तर रेलवे ने रेलवे ब्रिज पर टर्फ और स्लीपर बदलने की तैयारियां तेज कर दी हैं।इस कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए रेलवे ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सबसे पहले गंगाघाट रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मुख्य क्रॉसिंग 41 सी के पास वर्षों से जमे सब्जी विक्रेताओं और स्थानीय लोगों के अवैध कब्जे हटाए गए। चेतावनी के बाद भी खाली न करने पर जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाया गया और क्षेत्र का समतलीकरण किया गया।आगामी 40 दिनों के मेगा ब्लॉक के दौरान रेलवे ब्रिज पर अप लाइन के टर्फ और स्लीपर बदलने का काम पूरा किया जाएगा। निर्माण सामग्री के भंडारण के लिए क्रॉसिंग के पास की जगह का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे सामग्री को रेलवे ब्रिज तक आसानी से पहुंचाया जा सके। कार्य में लगे मजदूरों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उनके लिए अस्थायी आवास बनाए जा रहे हैं, जहां उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए तेजी से काम चल रहा है। इस कार्य के पूरा होने के बाद कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर हाई-स्पीड ट्रेन संचालन का सपना साकार होगा।इस कार्य को पूरा करने के लिए रेलवे ने 40 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया है। इस दौरान कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर ट्रेनों के संचालन में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूरों और तकनीकी विशेषज्ञों को तैनात किया गया है।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 25 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 25 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई हैं। यह गिरफ्तारी गंगाघाट थाना क्षेत्र में की गई। बता दे कि 2 फरवरी 2025 को उ0नि0 अंजनी कुमार सिंह और उनकी टीम ने गंगापुल के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जिसके पास से 25 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रवि पाण्डेय (44 वर्ष), निवासी मिश्रा कॉलोनी, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव के रूप में हुई। तस्कर ने पूछताछ में बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर उन्नाव और आसपास के जनपदों में बेचता था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तस्कर के खिलाफ थाना गंगाघाट में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। यह गिरफ्तारी पुलिस के द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रवि पाण्डेय पर पहले भी विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोप लगे हैं, जिनमें भा0दं0वि0 की धाराएं शामिल हैं। गिरफ्तार तस्कर और बरामद गांजे के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में उप निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, कांस्टेबल इमरान और प्रशान्त सिंह शामिल थे।

## कुंभ मेला की ड्यूटी में लगे होमगार्ड की हार्ट अटैक से मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत तैनात होमगार्ड की कुम्भ मेला ड्यूटी दौरान हार्ट अटैक आ जाने से मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजन बेहाल हो गए। थाना बिहार की चौकी भगवंतनगर के गौरैया निवासी सुमित पटेल पुत्र शत्रुघ्न पुलिस विभाग में होमगार्ड के पद पर तैनात था। वर्तमान समय मे उसकी ड्यूटी प्रयागराज के कुंभ मेला में चल रही है। पिछले 15 दिसम्बर को उसकी रवानगी कुंभ मेला ड्यूटी हेतु की गई थी। रविवार को साय करीब तीन बजे हार्ट अटैक आ जाने से उसकी मौत हो गयी। देर रात तक उसके शव के आने की उम्मीद परिवारजनों ने जतायी है। मौत की खबर सुनकर परिजन बेहाल हो गए। वह अपनी पत्नी ललिता व पुत्र साथविक के साथ भगवंतनगर कस्बे में किराए पर मकान लेकर रहता था। माँ संतोष कुमारी व भाई अमित कुमार का रो रो बुरा हाल है। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी समस्त स्टाफ के साथ गाँव व क्षेत्रवासियों ने भी दुःख जताया है।

## लापरवाही के चलते प्रभारी निरीक्षक को किया गया लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरवा कोतवाली के इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी दीपक भूकर ने यह कार्रवाई पंजाब पुलिस के साथ सहयोग न करने की शिकायत के बाद की है।जानकारी के अनुसार, पंजाब पुलिस एक जांच के सिलसिले में पुरवा कोतवाली पहुंची थी, लेकिन इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता ने उचित सहयोग नहीं किया।

इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंची, जिसके बाद एसपी ने जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की गई।राकेश गुप्ता की जगह अब इंस्पेक्टर अमरनाथ यादव को पुरवा कोतवाली की कमान सौंपी गई है। एसपी दीपक भूकर ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी तरह की अनुशासनहीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहना चाहिए, बल्कि अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी पूर्ण सहयोग करना चाहिए।इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में संदेश साफ हो गया है कि शिकायतों पर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। नए थानाध्यक्ष अमरनाथ यादव को कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देने और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क हादसे में एक छात्र की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र में जी स्कूल के सामने हुए इस हादसे में एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी।दीक्षितान्त खेड़ा निवासी विवेक (विमल बाबू का पुत्र) और उनका साथी नैतिक यादव बाइक से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।विवेक यादव की हालत अधिक गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया, जहां रविवार को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दूसरे छात्र की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में विवेक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर कोतवाली प्रभारी प्रमाण मिश्रा के अनुसार, परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## ई रिक्शा चालक ने युवक को मारी टक्कर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पुरानी रंजिश को मानते हुए ई रिक्शा चालक ने भाजपा नेता को जोरदार टक्कर मार दी जिससे भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने रिक्शा चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के सिरियापुर निवासी रामप्रसाद पुत्र स्व० रामकिशुन ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि वह वर्तमान में बिहार में निज निवास में रह रहे है। वह बीते दिनों 18 जनवरी को सायं समय लगभग 7 बजे पड़ोस के गाँव मवइया शादी में शामिल होने पैदल जा रहे थे इसी बीच पुरानी रंजिश को मानते हुए बिना नम्बर प्लेट तीन पहिया ई रिक्शा चालक जोगेन्द्र कुमार पुत्र कल्लू लोध सिरियापुर आकमपुर ने पीछे से टक्कर मार कर गिरा दिया जिससे मेरे शरीर मे कई जगह गंभीर चोटे आ गयी। मेरा इलाज लखनऊ में चल रहा है। इलाज दौरान ही अपनी रपट लिखाने आया हूं। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## आरोग्य मेले के अंतर्गत प्र. स्वा. केंद्र रूपईडीहा पर देखे गए 14 मरीज

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आज रूपईडीहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को देखा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर रजनी गुप्ता ने बताया कि जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आज हमारे केंद्र पर 14 मरीजों को देखा गया और उनकी जांच कर दवाई दी गई। डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि आज देखे गए मरीजों में आयुषी, अब्बास अली, परवीन, फरहान, करण, प्रतीक सहित 14 लोगों की जांच कर दवाईया दी गई। इस समय क्योंकि मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है इसलिए ज्यादातर कोल्ड डायरिया सर्दी जुकाम के मरीज ही आज अस्पताल में आए। इस अवसर पर अस्पताल में वार्ड बॉय पवन मेहरोत्रा, नर्सिंग ऑफिसर संगीता रावत तथा शकुंतला वर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रही।रूपईडीहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं है।जिससे क्षेत्र के मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इसकी जानकारी लेने पर पता चला कि 4 माह पहले फार्मासिस्ट का स्थानांतरण हो गया था तब से अभी तक तैनाती नहीं हो पाई है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा प्रभारी डॉक्टर आर एन वर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय पूरे ब्लॉक में स्वस्थ कर्मियों की बहुत भारी कमी है। हमारे अस्पताल में इस वक्त मुझे मिलकर सिर्फ दो डॉक्टरों की तैनाती है जिससे पूरा अस्पताल चल रहा है। जबकि हमारे विकास खण्ड में कम से कम 14 डाक्टरों की जरूरत है।हम लोग किसी तरह से पूरे ब्लॉक की स्वास्थ्य व्यवस्था को चला रहे हैं। किसी दिन डॉक्टर की तैनाती यहां कर दी जाती है तो किसी दिन दूसरे जगह पर।चूंकि रूपईडीहा के फार्मासिस्ट का चार माह पहले स्थानांतरण हो चुका है अभी तक हमको कोई नया फार्मासिस्ट नहीं मिला है इसलिए रुपईडीहा में तैनाती नहीं हो पाई है।रुपईडीहा में तैनात डॉक्टर विवेक वर्मा जो अभी दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संभाल रहे हैं जिसमें रुपईडीहा में वह सोमवार, मंगलवार, और बुधवार रहते हैं और बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार वह बाबागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी देते हैं। इससे ये प्रतीत हो रहा है कि डॉक्टर और स्टाफ की कमी के कारण विकास खण्ड नवाबगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

## अपने खेत पर सीमेंटेड पोल गड़वा रही वृद्ध महिला को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र बीबीपुर चिरियारी निवासिनी कृष्णावती 62 वर्ष वृद्धा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार को खेत में सीमेंटेड पोल मजदूरों से गढ़वा रही थी। तभी ऊंचा द्वार निवासी सुनील, रामेश्वर, सविता व संगीता ने आकर गाली गलौज करते हुए हथौड़े से पिलर को तोड़ने लगी जिसका विरोध किया तो सभी एक जुट होकर पीड़ित व मजदूर मन्ना को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया, जिसका राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, झगड़ा देख आस पास लोगो ने बीच बचाव कराया, पीड़िता ने कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि चार लोगों पर मारपीट, जान से मारने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### बाजार गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ दबंग ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत राधागंज बाजार सब्जी खरीदने गए व्यक्ति से युवक ने मारपीट कर डाली ।पीड़ित के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है थाना बिहार के रिसाल खेड़ा मजरे करतपुर निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र स्वा रामपियारे ने तहरीर देते हुए बताया कि वह सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। शनिवार समय लगभग 2 बजे राधागंज बिहार में सब्जी खरीदने गया था, सब्जी खरीदने के समय पीछे से बिहार निवासी विवेक सिंह पुत्र स्वा बोटा सिंह ने से अचानक मारना शुरू कर दिया । बाजार में मौजूद लोगो ने को किसी तरह मुझको बचाया । विवेक सिंह ने गाली गलौज करते हुये जान से मार डालने की धमकी देते हुये भाग गया । थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया तहरीर के आधार पर नामित व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधि कार्रवाई की जा रही है।

## कतर्नियाघाट में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बाघ का शव

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग इन दिनों चर्चा में बना हुआ है जहां वन्यजीवों के हमले लगातार हो रहे हैं। वही वन्य जीव की लगातार हो रही मौत से वन विभाग द्वारा वन्य जीव की सुरक्षा के किया जा रहे दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। तेंदुआ व बाघों की मौत वन विभाग को कटघरे में खड़ा कर रहा है सूत्रों की माने तो संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार सुबह एक नर बाघ का शव वन विभाग की टीम ने बरामद किया। पता चला कि यह मृत्यु बाघ का शव कई दिन पुराना भी बताया जा रहा है। चर्चा है कि यदि विभाग द्वारा गस्त हो रही होती तो इसकी सूचना तत्काल मिल जाती। बाघ का शव मिलने के बाद वन विभाग की कार्यशाली पर भी लोग सवालिया निशान उठा रहे हैं। इसी बीच वन विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत सदर बीट कक्ष संख्या-4 गेरूआ नदी के जलीय क्षेत्र में टापू के किनारे एक बाघ का शव शनिवार सुबह लगभग 10 बजे स्थानीय स्टाफ द्वारा रूटीन गश्त के दौरान देखा गया। शव के प्राथमिक निरीक्षण में नर बाघ की उम्र लगभग 12 वर्ष है जिसके समस्त अंग (आंख, नाखून, कैनाइन) सुरक्षित पाए गए। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा परिचालित मानक प्रचालन प्रक्रिया में निहित प्राविधानों के अनुसार नर बाघ का अन्त्य परीक्षण तीन डाक्टरों के गठित पैनल द्वारा किया गया तत्पश्चात विस्तृत परीक्षण हेतु बाघ के आन्तरिक अंगो का विसरा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर बरेली भेजने हेतु सुरक्षित कर लिया गया है। पोस्ट मार्टम के बाद नर बाघ के शव को उसके समस्त अंगो सहित अधिकारियों एवं साक्षियों की उपस्थिति में रेंज परिसर कतर्नियाघाट में जला कर नष्ट कर दिया गया। इसके बाद डा एच राजा मोहन मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर-खीरी द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सहित प्रभाग के वन्य जीव प्रतिपालक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज कतर्नियाघाट के साथ बैठक कर वनों एवं वन्य जीवों के सुरक्षार्थ दिवारात्रि गश्त किये जाने के साथ-साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये। वन्य जीवों की हो रही लगातार मौत से वन्य जीव प्रेमी भी चिंतित हैं।

### इमामे हुसैन की विलादत पर सबील का एहतेमाम

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। इस्लाम धर्म के आखिरी संदेशवाहक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन रजी0 के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रविवार को रूपईडीहा के स्टेशन रोड स्थित रिजवी क्लॉथ हाउस के सामने सबील लगाया गई। जिसमें आने जाने वाले लोगों को पानी और काफी पिलाया गया। रिजवी क्लाथ हाउस के प्रोपराइटर जाफर इमाम रिजवी, हैदर इमाम रिजवी तथा सभासद एवं पत्रकार रजा इमाम रिजवी ने बताया कि आज मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन रजी0 की जन्मदिन के शुभ अवसर पर यह सबील लगाया गई है। जिसमें रूपईडीहा में आने वाले सभी आगंतुकों को मुफ्त में पानी और काफी पिलाया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में नौशाद हुसैन अशरफी, मोहम्मद अजीम, एखलाक हुसैन, अमीर अली, निजामुद्दीन आदि लोगों का सहयोग रहा।

## सम्पादकीय

# यह बजट सत्र उपयोगी रहे हंगामे में नष्ट न हो वक्त

आज 31 जनवरी से बजट सत्र का आगाज हो रहा है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ मोदी 3.0 सरकार का दूसरा महत्वपूर्ण बजट सत्र शुरू होगा। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था और जुलाई में पूर्ण बजट। जून में सरकार गठन के तुरंत बाद बजट आया था, तो इसमें वो पैनापन नहीं था, जिसकी जरूरत थी। इस लिहाज से कल एक फरवरी को पेश होने वाला बजट सरकार की दशा व दिशा तय करेगा। अभी सरकार के पास चार वर्ष हैं, जिसमें उसके पास व्यापक आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाने का अवसर है। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अपने एजेंडे व मंशा सरकार के सामने रखे हैं, जिसमें महाकुंभ में भगदड़, अतिविशिष्ट को अधिक तवज्जो, किसान आंदोलन व किसानों की समस्या, महंगाई, बेरोजगारी आदि विषयों पर चर्चा की मांग है। इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से कहा है कि बजट सत्र के एजेंडे पर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। साफ है कि सरकार व विपक्ष के रुख में सामंजस्य की बात नहीं है, इससे बजट सत्र में हंगामा के आसार बन रहे हैं। जैसा कि अब तक करीब दो दशक से संसद सत्र के दौरान हंगामे के चलते सदन का कीमती वक्त जाया होता रहा है, सत्र में विधेयक पास कराना मुश्किल होता गया है, हंगामेदार सत्र के कारण ही विधेयक पर ठीक ढंग से चर्चा तक नहीं हो पाती है। कायदे से सर्वदलीय बैठक सत्र से दो दिन पहले हो, उसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद कार्य एजेंडा तय हो जाए, फिर उसी अनुरूप सदन में चर्चा हो। सरकार को भी सभी प्रस्तावित विधेयकों और कामकाज के बारे में विपक्ष के सामने सभी पहलुओं को रखना चाहिए। सरकार व विपक्ष अगर सामंजस्य के साथ चलेंगे तो कोई भी संसद सत्र सुचारू रूप से चल सकेगा। संसद सत्र को राजनीति का अखाड़ा बनने से रोकना सरकार का ही दायित्व है, जिसमें विपक्ष को विश्वास में लेना जरूरी है। अगर देश बदल रहा है, अमृतकाल चल रहा है, नए भारत की बात हो रही है तो राजनीति भी बदलनी चाहिए। संसद राजनीति की शाला नहीं होनी चाहिए। 21वीं सदी के दो दशक बीतने के बाद की संसद विधायी कार्यों व सार्थक चर्चा से लबरेज होनी चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य में संसद की गतिशीलता, सार्थकता और राजनीतिक व संसदीय अनुशासन भी होने चाहिए। न तो विपक्ष की मांग को अनसुना किया जा सकता है और न ही सरकार कुछ भी थोप सकती है। संसद की कार्य उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। भारतीय संसद की कार्यप्रणाली दुनिया के लिए नजीर बननी चाहिए। आमतौर पर सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति संसद सत्र के पहले दिन से ही टूट जाती है, इसे रोकने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव के बाद सांसदों को विधायी कार्य के बारे में प्रॉपर अनिवार्य प्रशिक्षण होना चाहिए, सांसदों के बात रखने का तरीका तय होना चाहिए। हालांकि यह सब नियम है, इसके बावजूद व्यवहार में संसद की गरिमा का पालन नहीं होता है। सांसद हंगामे को ही अपना दायित्व समझ लेते हैं। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और विपक्षी दलों की मांगों के बारे में जानने का अवसर होता है। दो चरणों में चलने वाले यह बजट सत्र देश के लिए उपयोगी होना चाहिए, बजट व अन्य सभी विधेयकों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए, चर्चा हांगामे की भेंट नहीं चढ़नी चाहिए। हंगामा खड़ा करना विपक्ष का मकसद नहीं होना चाहिए।

## बैंकिंग सुधार

सतीश सिंह



# बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान की बजट में उम्मीद

वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाने वाला है, जिसमें आगामी वित्त वर्ष के लिए वैसे प्रावधान किए जाएंगे, जिनकी मदद से विकास को गति दी जा सके। साथ ही वंचित तबकों और किसानों की बेहतरी के लिए समुचित उपाय किया जा सके। देश के विकास को सुनिश्चित करने में विनिर्माण, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, रेल आदि क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन बैंकों की भूमिका इन सभी क्षेत्रों से ज्यादा महत्वपूर्ण रही है और ये इन सभी क्षेत्रों के विकास की दशा और दिशा को तय कर रहे हैं। बजट को उद्देश्यपरक और कारगर बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं, जिसमें बैंक भी शामिल हैं। आजादी के बाद से ही देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बैंक अहम भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि सरकार बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान बजट में करे। जब बैंक मजबूत होंगे, तभी ये देश को भी आर्थिक रूप से सबल बना सकेंगे। आज बैंकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या सस्ती पूंजी की कमी की है। मोटे तौर पर बैंक का काम ग्राहकों से जमा लेना और उसी जमा को जरूरतमंदों और कारोबारियों के बीच ऋण के रूप में वितरित करना है। बैंक जमा पर कम ब्याज देते हैं और ऋण पर ज्यादा ब्याज लेते हैं। ब्याज दरों में अंतर से ही बैंक मुनाफा कमाता है। मौजूदा समय में बचत, आवृति और सावधि जमा पर अर्जित ब्याज पर सरकार टैक्स वसूल रही है। बैंकों ने भी अपनी कमाई बढ़ाने के लिए जमा को म्यूच्यूअल फंड और बीमा में निवेश किया है। इधर, कुछ सालों से अर्थव्यवस्था के मजबूत रहने से शेयर बाजार का सेंसेक्स लगातार ऊपर जा रहा है और लोगों को शेयर बाजार व म्यूच्यूअल फंड में निवेश पर बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। ऐसी स्थिति में घरेलू निवेशक बैंक में निवेश करने से परहेज कर रहे हैं। जमा की किल्लत की वजह से बैंकों को ऋण देने के लिए बाजार से अधिक ब्याज पर पूंजी उठानी पड़ रही है और बाजार में तरलता का संकट पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उधारी के उठाव में कमी आने से आर्थिक गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय कमी आई है। लिहाजा,व्यक्तिगत बचत को प्रोत्साहित करने के लिए बचत, आवृति एवं सावधि जमा पर अर्जित ब्याज को करमुक्त बनाने की जरूरत है। साथ ही,आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत सभी बैंक जमा पर कर की छूट भी देनी चाहिए। जमा को प्रोत्साहित करने के लिए गारंटीकृत रिटर्न के साथ सरकार द्वारा समर्थित बचत योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू करना चाहिए, क्योंकि ग्रामीण अभी भी शेयर बाजार और म्यूच्यूअल फंड में निवेश करने से बचते हैं। इस क्रम में बचत को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों द्वारा जमा राशि पर कर मुक्त ब्याज देने की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार को आकर्षक दीर्घ-अवधि सरकारी बचत बॉन्ड बैंकों के माध्यम से बेचना चाहिए, ताकि बैंक की जमा में वृद्धि हो और सार्वजनिक क्षेत्र की उधारी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सके। सरकार को ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कानून बनाने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराध की आवृति बढ़ने से भी आमजन बैंकों में जमा रखने से परहेज कर रहे हैं। बैंक के विफल होने की स्थिति में जमा बीमा दावों की प्रक्रिया को और सरल बनाना चाहिए। इससे भी जमा को बढ़ावा मिल सकता है। बैंकों के ग़ैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में विगत वर्षों में उल्लेखनीय कमी आई है। फिर भी, सर्फेसी, बैंक अदालत आदि वसूली तंत्रों को और भी मजबूत बनाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस जनवरी 2025 से शुरू की जाने वाली है। कुछ बैंकों ने फ़लिहाल इस भार को खुद वहन किया है तो कुछ ने नहीं। सरकार द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने की जरूरत है। हाल के कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में बेहतरी आई है और एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

# जन अपेक्षाओं पर खरा उतरे शहरी सरकार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों की सरगर्मियां तेज हो चुकी है। दलीय आधार पर 10 नगर पालिक निगमों, 49 नगर पालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। राज्य सरकार ने इन निकायों के महापौर एवं अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली द्वारा कराने का फैसला किया है जो लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए सार्थक पहल है। " वन नेशन,वन इलेक्शन" के गहमागहमी के बीच छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहला राज्य है जहां शहरों से लेकर गांवों की सरकार चुनने के लिए एक चुनाव हो रहे हैं। दलीय आधार पर होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव जहां "ईवीएम" से होंगे वहीं गैर दलीय आधार पर हो रहे पंचायत चुनाव "बैलेट पेपर" के जरिए होगा। भले ही पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर हो रहे हैं लेकिन इन चुनावों में भी राजनीतिक दलों की पूरा दखल होता है। महत्वपूर्ण यह कि राज्य में हो रहे ये चुनाव " हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे" ध्येय वाक्य वाले साल भर पुराने विष्णु देव सरकार के लिए "लिटमस टेस्ट" है वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के लिए " करो या मरो " की परीक्षा है। यह चुनाव उन लाखों शहरी और ग्रामीण मतदाताओं के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे इस चुनाव के जरिए अपने शहरों और गांवों का भाग्य नियंता चुनते हैं जिनसे उनके दैनंदिन कामों के लिए वास्ता पड़ता है। सत्ता का विकेंद्रीकरण और शहरों व गांवों के विकास में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ही यह चुनाव कराए जाते हैं। मतदाताओं की भी जवाबदेही है कि वे इस चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा प्रतिनिधि चुनाव में धर्म, जाति और क्षेत्रवाद की जगह योग्यता को तरजीह दें।

गौरतलब है कि स्थानीय निकायों के जिम्मे केंद्र और राज्य सरकारों के योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही शहरों विकास, साफ - सफाई सहित अन्य सामुदायिक एवं जन कल्याणकारी कार्यों का संपादन करना है। इसके अलावा आमजनता से जुड़े रोजमर्रा के काम जैसे निवास प्रमाणपत्र, बच्चों के स्कूली दाखिले और छात्रवृत्ति के लिए प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, बीपीएल कार्ड, मजदूर कार्ड, घरों में नल कनेक्शन सहित वार्डों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था सहित अन्य अनेक सामुदायिक कार्य इन चुनावों के जरिए चुने गए पार्षदों जिम्मे ही होता है। बीते दशकों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा शहरी विकास से संबंधित अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सीधे नगरीय निकायों के माध्यम से किया जा रहा है बावजूद ये संस्थाएं जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रही है। इसके पीछे मुख्य वजह निर्वाचित प्रतिनिधियों और वहां पदस्थ नौकरशाहों के बीच आपसी टकराव, राजनीतिक हस्ताक्षेप और गतिरोध, फिजूलखर्ची ,भ्रष्टाचार व भाई - भतीजावाद है। अमूमन हर चुनाव में सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं के सामने शहर को साफ - सुथरा और सुंदर, प्रदूषण, धूल और मच्छर मुक्त, चौबीस घंटे पेयजल, मजबूत सड़क, अतिक्रमण और अवारा मवेशियों से छुटकारा दिलाने जैसे वादे करते हैं लेकिन चुनाव के बाद स्थिति ज्यों कि त्यों ही रहती है।



छत्तीसगढ़ के लिहाज से देखें तो राज्य के राजधानी से लेकर सभी प्रमुख शहर वायु और जल प्रदूषण, गंदगी, धूल, मच्छर, खस्ताहाल सड़कों, बरसात में जलभराव, बजबजाती नालियों, चौक - चौराहों पर अवारा मवेशियों के जमावड़े, अव्यवस्थित यातायात, लचर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम,अवैध कब्जों, बदहाल सफाई, ड्रेनेज और पेयजल व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइट, अवैध झुग्गियों और गुमटियों जैसे समस्याओं से जूझ रहे हैं। राज्य के अधिकांश शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्था अभी तक सुनिश्चित नहीं हो पायी है फलस्वरूप कचरों का पहाड़ जनस्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रहा है। शहरों के प्राकृतिक जल स्त्रोत नदी - तालाब और उद्यान सौंदर्यीकरण के नाम पर व्यवसायिक गतिविधियों के भेंट चढ़ रहे हैं फलस्वरूप जलस्त्रोतों और उद्यानों का इकोसिस्टम भी प्रभावित हो रहा है। अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव की वजह से जहां शहरों की हरियाली खत्म हो रही है वहीं कांक्रीट के बढ़ते जंगल की वजह से शहरों का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है। राज्य के विभिन्न शहरों के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित कोल आधारित उद्योगों के धुंए तथा औद्योगिक अपशिष्टों तथा झुग्गी बस्तियों में लकड़ी और कोयले की सिगड़ियां जलाने और गंदगी एवं निर्माण कार्यों से उड़ने धूल का दुष्प्रभाव पर्यावरण और लोगों के सेहत पर भी परिलक्षित हो रहा है।

शहर सदैव उच्च शिक्षा के लिए जाने जाते रहे हैं लेकिन शिक्षण संस्थानों के जमीनों पर तन रहे कामर्शियल काम्प्लेक्स तथा अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के कारण स्कूलों और कॉलेजों के शैक्षणिक वातावरण पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं इन संस्थानों में खेलकूद का मैदान भी नहीं बचा है। किसी भी शहर की पहचान उसकी सांस्कृतिक रचनाधर्मिता से भी होती है लेकिन छत्तीसगढ़ के शहर इस पहचान से अछूते हैं। राज्य के शहरों में कला, पेंटिंग, रंगमंच, साहित्य, संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए कोई ऐसा सर्व सुविधायुक्त आधुनिक थियेटर या कलाविथिका नहीं है जहां इन विधाओं का माकूल प्रदर्शन संभव हो सके। गौरतलब है कि साल 2015 में राजधानी रायपुर दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में पांचवें पायदान पर शामिल हो चुका है वहीं अभी भी देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित 15 शहरों में रायपुर, रायगढ़, कोरबा और भिलाई - दुर्ग शामिल है। कोरबा, रायगढ़, रायपुर और भिलाई - दुर्ग जैसे औद्योगिक शहरों के सफेद राखड़, काली धूल और दमघोंटू हवा ने यहां के वाशिंदों का जीना दुश्वार कर दिया है।

देश के 100 शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने साल 2015 में देश में " स्मार्ट सिटी मिशन" का आगाज किया था। इस मिशन के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार हेतु शहरों के अधोभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य निर्धारित किए गए थे। छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, नवा रायपुर और बिलासपुर को स्मार्ट सिटी मिशन के लिए चुना गया था लेकिन ये शहर अभी भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य और मानकों से कोसों दूर है। रायपुर और बिलासपुर की पहचान गढ्ढे और धूल युक्त शहर की बन चुकी है वहीं नवा रायपुर के सड़कें और चौराहे अवारा मवेशियों के "गौठान" बने हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यायधानी बिलासपुर में भूमिगत नाली निर्माण तथा रायपुर में अंडर ग्राउंड केबल डालने के नाम पर होने वाले सड़क खुदाई की वजह से इन शहरों को "खोदापुर" नाम देकर प्रशासन को ट्रोल भी किया जाता रहा है। बहरहाल सरकारी तंत्र की लालफीताशाही के चलते मोदी सरकार की शहरों को स्मार्ट बनाने की महत्वाकांक्षी योजना कछुआ चाल से चल रही है। इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खबरें जनता के अरमानों पर लगातार पानी फेर रही है। शहरों की स्थिति देखने के बाद रहवासी यही उलाहना दे रहे हैं कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए।

गौरतलब है कि किसी भी प्रदेश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है।छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में शहरों की दुर्दशा जहां प्रदेश के आर्थिक विकास में बाधक हैं वहीं इसका प्रभाव जन-स्वास्थ्य पर भी पड़ रह रहा है। दूसरी ओर शहरों की दयनीय स्थिति का पूरा ठीकरा नगरीय निकाय प्रशासन पर ही फोड़ना न्यायसंगत नहीं होगा बल्कि इसके लिए आम नागरिक भी जवाबदेह हैं जो अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति सदैव उदासीन नजर आते हैं। शहरों के लचर ड्रेनेज सिस्टम और पर्यावरण प्रदूषण के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार सिंगल यूज प्लास्टिक जिसमें पॉलिथीन कैरी बैग, डिस्पोजेबल गिलास, कटोरी, स्ट्रा आदि सामाग्रियां हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है बावजूद आम नागरिक इसका उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं फलस्वरूप इसका निर्माण, विक्रय और वितरण पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। नागरिकों को वाहनों के प्रदूषण जांच, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग बंद करने, निर्माण कार्यों के दौरान ग्रीन नेट का उपयोग करने, अनियमित निर्माण, दुकानों के सामने अवैध पार्किंग व अवैध कब्जों की प्रवृत्ति के अलावा मवेशियों को अवारा छोड़ने, सार्वजनिक स्थलों में कचरा फेंकने जैसे गतिविधियों पर आत्म अनुशासन प्रदर्शित करने की जरूरत है ताकि हम अपने शहर पर गर्व कर सकें। अलबत्ता हालिया चुनाव के सार्थकता के मद्देनजर प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा है कि वे अपने वादों और चुनाव घोषणा पत्रों के क्रियान्वयन के प्रति पूरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें ताकि शहरी सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।

## हर दिन सुखद और आनंददायक




संकलित

दर्शन

आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंदकी लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है। सदैव स्मरण रखें कि बाह्य स्थितियां एवं परिस्थितियां सदैव अनुकूल नहीं रह सकती हैं। ध्यान के माध्यम से आत्म-अवलोकन करें तथा अपनी आंतरिक गहन शांति एवं नीरवता का सागर खोजें। विश्वास करें कि सब कुछ दिव्य योजना के अनुसार नियंत्रण में है। *- सद्गुरु श्रीमधुसूदन साई*

## देने वाला तो कोई और ही




संकलित

प्रेरणा

रहीम खान खाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नज़र दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नज़र नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा? ऐसी देनी देन जू कित सीखे हो सैन। ज्यों-ज्यों कर ऊंचे करो, त्यों-त्यों नीचे नैन। इस पर रहीम ने दोहे के रूप में इसका उत्तर दिया, 'देनहार कोउ और है, भेजत सो दिन रैन। लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन' देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं। लेकिन प्रश्न चाहे किसी ने भी किया हो, महत्वपूर्ण बात तो रहीम के उत्तर में निहित है, कि दान देते समय या किसी की मदद करते समय हमारे मन में अभिमान नहीं बल्कि नम्रता का भाव होना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी?

*-विजय कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### ट्रंप को 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' कहा भारत-अमेरिका संबंध होंगे मजबूत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का उल्लेख करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में एक संवाद सत्र में जयशंकर ने वैश्विक कूटनीति की उभरती प्रकृति और इसके प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। ट्रंप भारत के मित्र हैं या शत्रु, इस बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा, मैंने हाल ही में उनके (ट्रंप के) शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था और हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया गया। मेरा मानना है कि वह एक अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं।'



## ऑफ बीट

### वायरल गर्ल मोनालिसा को मिली बॉलीवुड फिल्म

प्रयागराज महाकुंभ में माला बेचने वाली वायरल लड़की मोनालिसा बॉलीवुड में एंट्री लेने वाली हैं। वे डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में आने वाली हैं। इस बात की जानकारी खुद डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने एक वीडियो शेयर करते हुए दी है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मोनालिसा के साथ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि नमस्कार दोस्तों मैं फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा। मेरे साथ आज प्रयागराज की सनसनी बनी हुई मोनालिसा हैं।



## ट्रेंड

### 'बापू' को शत-शत नमन!

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, उनके दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र



### सद्प्रयासों पर मिट्टी

ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग महाकुंभ में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं, उनके सद्प्रयासों के ऊपर राजनीतिक विद्वेषवश मिट्टी डाल दी जा रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### मानव बुद्धि महत्वपूर्ण

मुकेश अम्बानी ने बहुत अच्छा कहा कि उत्पादकता, सटीकता और दक्षता बढ़ाने में एआई एक महत्वपूर्ण तत्व हो सकता है। लेकिन अंततः यह मानव बुद्धि ही है जो प्रगति, विकास और नवाचार का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



### स्वास्थ्य ही सब कुछ

खुद प्रधानमंत्री ने इसे इतने उपयुक्त तरीके से रखा है कि स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। कुछ भी वर्कआउट करो पर करो तो सही। नियमित व्यायाम आपके जीवन को बदल देगा। इस पर विश्वास करें और आगे बढ़ें।

-अक्षय कुमार, अभिनेता



## संक्षेप

### अटेवा की मासिक बैठक मे दी गयी दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। अटेवा की एक मासिक बैठक कोल्ड स्टोर के सामने प्रोग्रेसिव लक्ष्य कोचिंग क्लासेज कैसरगंज में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता महिला संयोजक प्रिया जैन ने तथा संचालन सुधीर पटेल ने किया। बैठक में यूपीएस को लेकर चर्चा हुई। बैठक मे प्रा. वि. सरपंच पुरवा कैसरगंज में कार्यरत रामनगर बाराबंकी निवासी शिक्षक संकुल पवन कुमार शुक्ल के निधन पर अटेवा ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शाति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस बैठक मे ब्लाक महिला संयोजक प्रिया जैन, आशीष मिश्र, सुधीर पटेल, उदयभान यादव, विनीत गुप्ता, करमचन्द यादव, सतीश, सुरजीत गुप्ता आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशा उन्मूलन की ली गई शपथ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां शारदे की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात ट्रस्ट के सदस्यो ने नशे के बहिष्कार का संकल्प लिया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए ट्रस्ट डायरेक्टर एसपी सिंह ने कहा कि आज नशे की भयावहता बढ़ गई है और सबसे बड़ी दुखद बात यह है कि आज का युवा इस का शिकार हो रहा है। हमें आपसी जागरूकता से इसको समाप्त करना होगा नहीं तो स्थिति भयावह होगी। सभी सदस्यों ने नशा न करने का संकल्प लिया।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**ट्रक बैक करते समय हादसा, बुजुर्ग वाहन के पीछे खड़ा था**

सुल्तानपुर, कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। बरुआ गांव के रहने वाले राम सूरत वर्मा (60) सुबह 11 बजे हेलमेट पहनकर अपनी बाइक से पीढ़ी दियरा मार्ग से मोतिगरपुर, ढेमा की ओर जा रहे थे। बगियागांव-दियरा सड़क मार्ग पर मियागंज बाजार के पास शारदा सहायक डबल नहर पर पहुंचने पर एक ट्रक चालक अपना वाहन पीछे कर रहा था। इस दौरान बाइक से पीछे खड़े राम सूरत को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के दौरान ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। उनके बेटे अनिल कुमार वर्मा, बृजेश वर्मा और इकलौती बेटी ऊषा वर्मा समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गाजी-ए-मिल्लत फाउंडेशन की मदद से बालिका के आंखों में फिर से लौटेगी रोशनी

**बेसहारा लोगों की मदद करने को गाजी-ए-मिल्लत फाऊंडेशन ने उठाया बीड़ा**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मटेरा विधानसभा क्षेत्र के रिसिया निवासी एक बहुत ही गरीब परिवार की बेटी है, जो कई साल से परेशान थी। आंखों की रोशनी चली गए थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। पैसों का इंतजाम न होने के कारण आंखों से पीड़ित बालिका का इलाज नहीं हो पा रहा था। यह सूचना जब गाजी ए मिल्लत फाऊंडेशन के अध्यक्ष रियाज अहमद वारसी को मिली तो उन्होंने अपने बहराइच के टीम को जानकारी लेने के लिए भेजा, जिसमें जीएमएफ जिलाध्यक्ष मोहम्मद शोएब व प्रदेश कोषाध्यक्ष नदीम अहमद कुरैशी ने मौके का जायजा लिया। पीड़ित बालिका के परिजनों को लेकर नेपालगंज आंख अस्पताल पहुंच ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी कराई।फाउंडेशन के संरक्षक रियाज अहमद वारसी ने कहा हर वर्ग के गरीब, मजलूम, बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए यह संस्था का गठन हुआ है। हमारी कोशिश रहेगी समाज के बेबस बेसहारा लोगों की जरूरत पर मदद पहुंचाना। गाजी ए मिल्लत फाऊंडेशन संस्थान ने अब तक सैकड़ों लोगों तक राहत सामग्री व मदद पहुंचाने में सफल रही है। मदद पहुचाने में पूरी टीम सक्रिय है। गाजी ए मिल्लत फाउंडेशन द्वारा चलाई गई समाज सेवा मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए फाउंडेशन अध्यक्ष व संरक्षक रियाज अहमद वारसी फखरपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहब्बत अली, बहराइच जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुएब, प्रदेश कोषाध्यक्ष नदीम अहमद कुरैशी, प्रदेश महासचिव परवेज अहमद, प्रदेश सलाहकार फैयाज अहमद, प्रदेश उपमहासचिव हसन, प्रदेश प्रवक्ता पप्पू हिंदुस्तानी, जिला उपसचिव बहराइच रजीअहमद, जिला सचिव सद्दाम अहमद, भावी प्रदेश मीडिया प्रभारी जमील कुरैशी, प्रदेश संयुक्त सचिव गुफरान अली, प्रदेश सदस्य जुनैद खान वारसी सहित तमाम साथी गण समय समय पर सहयोग कर रहे हैं।

# लक्कड़ शाह की दरगाह पर बसंत मेला 03 फरवरी को, बसंत मेले की तैयारियां जोरों पर

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के मुर्तिहा रेंज में स्थित हिन्दू-मुस्लिम दरगाह हजरत सैयद हाशिम अली शाह उर्फ लक्कड़ शाह की मजार पर बसंत मेलें की तैयारियों को लेकर दरगाह प्रबंध समिति की एक बैठक आज कमेटी के सदर रईस अहमद की सदारत में सम्पन्न हुई। दरगाह प्रबंध कमेटी के सदर रईस अहमद एवं सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी ने बताया कि बसन्त मेले का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से 3 फरवरी को आयोजित होगा। बसंत मेले की तैयारियों को लेकर रंगाई-पुताई एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य चल रहा है।

दरगाह कमेटी की तरफ से बसंत मेले में सुबह परंपरा के मुताबिक फल एवं फूलों की डालियां तथा खिचडी के साथ मजार शरीफ पर चादर पेश कर मुल्क में सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआ की जाती है। सदियों पुरानी चली आ रही परंपरा के मुताबिक सालाना जेठ मेले की तिथि की घोषणा भी बसंत मेले में ही की जाती है। इस मौके पर सदर रईस अहमद, सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी, नायब सदर जकी अहमद, खजांची सद्दाम हुसैन, मेम्बर शब्बीर अली, अनवारुल हसन, चुन्ना, लियाकत खां, राहत अली, समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# तालाब में फंसे नंदी बैल की विहिप टीम ने बचाई जान



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरखापुर में स्थित तालाब में एक सांड नंदी बैल जाकर फंस गया जिसकी सूचना विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह को मिली। संदीप सिंह ने क्षेत्रिय टीम के खंड गौरक्षा प्रमुख सर्वेश पोरवाल व अन्य कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद नंदी बैल का सुरक्षित रेस्क्यू किया। संदीप सिंह ने बताया कि नंदी बैल बुरी तरह से फंसा गया था सूचना मिलने पर टीम सहित मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थित होने पर सर्व समाज को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमांचल पत्रकार संघ का विस्तार, राजू बने जिलाध्यक्ष

**ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज बनाये गए : आदेश गुप्ता**



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमांचल पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन कस्बा बाबागंज में किया गया। बैठक में जनपद बहराइच के विभिन्न क्षेत्रों के अधिकांश पत्रकारो शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता संगठन प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र मदेसिया ने की। इस मौके पर उपस्थिति सभी पत्रकारों ने मौजूदा समय की पत्रकारिता और उसकी चुनौतियों तथा समस्याओं पर बारी-बारी से अपने-अपने विचार रखें। संगठन पदाधिकारी रागवेंद्र शर्मा ने पत्रकारो द्वारा किये गए सवालों का विस्तार से जवाब दिया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से बहराइच जिलाध्यक्ष राजू जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज आदेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री देवेश पाण्डेय को पद की जिम्मेदारी सौपी गई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रागवेंद्र शर्मा ने कहा कि पत्रकारों के हक व हकूक के लिए संघ वर्षो से कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।अरविन्द वर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ने दोनों पत्रकारों की नवीन नियुक्ति पर खुशी जताते हुए संगठन पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक मनीराम शर्मा सहित राजकुमार शर्मा, नीरज पोरवाल, भुवन भाष्कर वर्मा, असरार अहमद सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# सरदार पटेल अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

**ट्रस्ट के प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा: संदीप जायसवाल**



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत कस्बा बाबागंज में फुगल फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित सरदार पटेल अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम के कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप जायसवाल ने कहा कि इससे क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त ट्रस्ट के स्टेट हेड विमलेश कुमार, जिला हेड विनोद कुमार चतुर्वेर्दी व पुष्कर गिरि, ब्लॉक सुपरवाइजर रूपनरायण पांडेय, अमित कुमार गुप्ता, रामकिशोर सोनकर, अशोक यादव सहित ट्रस्ट के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण जारी

**सुलतानपुर में ईपीएफ, ईएसआईसी और वर्दी तक नहीं दे रही फर्म, प्रशासन मौन**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला गंभीर होता जा रहा है। रेखा सिक्योरिटी सर्विसेज, जिसे मैनपावर आपूर्ति का ठेका दिया गया है, कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों की अनदेखी कर रही है। फर्म द्वारा कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो की जा रही है, लेकिन यह राशि उनके खातों में जमा नहीं की जा रही। इतना ही नहीं, श्रम विभाग में ईएसआईसी का रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया गया है, जिससे दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों के परिवार को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल सकेगी। कर्मचारियों को वर्दी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। विडंबना यह है कि यही कर्मचारी दुर्गा पूजा समेत विभिन्न धार्मिक और वीआईपी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले साल से ही फर्म के खिलाफ शिकायतें आ रही हैं, फिर भी इस वित्तीय वर्ष में उसे दोबारा ठेका दे दिया गया। एक दर्जन से अधिक सभासदों की लिखित शिकायत और कर्मचारियों की लगातार मांगों के बावजूद पालिका प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आगामी पालिका बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाए जाने की संभावना है।

# महाकुंभ यात्रियों को मिला मानवता का सहारा

**सुल्तानपुर में 555 श्रद्धालुओं को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने कराया मुफ्त भोजन**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। संघ ने रात महाकुंभ से लौट रहे सैकड़ों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया। यह सेवा राजकीय मेडिकल कॉलेज और रेलवे स्टेशन परिसर में चलाई गई, जहां मरीजों, तीमारदारों और जरूरतमंद यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश गौतम और डॉ. सौरभ यादव ने किया, जबकि रेलवे स्टेशन पर संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया। संस्था के मार्गदर्शक निजाम खान के अनुसार, भोजन में अरहर की दाल, सब्जी, रोटी और चावल शामिल थे। महाकुंभ यात्रियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए भोजन की मात्रा भी बढ़ाई गई। इस पहल के तहत मेडिकल कॉलेज में 245 और रेलवे स्टेशन पर 310 लोगों को, कुल मिलाकर 555 जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन प्रदान किया गया। निजाम खान ने जनपदवासियों से श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग की अपील की। उन्होंने कुछ स्थानों पर पानी की बोतल 100 रुपये में बेचे जाने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे पवित्र अवसरों पर व्यापार की बजाय सेवा भाव रखना चाहिए। उनका मानना है कि सुल्तानपुर को श्रद्धालुओं की सेवा और सद्व्यवहार के लिए जाना जाना चाहिए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सामाजिक सेवा और मानवता को समर्पित है, और भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों की सहायता जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए संस्था को धन्यवाद दिया।

इस पुनीत कार्य में प्रदीप श्रीवास्तव, हाजी मुजतबा अंसारी, सत्य प्रकाश वर्मा, राशिद वर्दी टेलर, अमानत खान, अबरार अहमद, आसिफ, माता प्रसाद जायसवाल, बैजनाथ प्रजापति भोलू, आदित्य सिंह सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। संस्था ने आगे भी इस तरह की सेवा जारी रखने का संकल्प लिया है।

# हसनपुर में प्राथमिक स्कूल में लाखों का सामान चोरी

**गैस सिलेंडर, बर्तन, राशन सहित अन्य समान गायब, शिक्षकों में आक्रोश**

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जिले के हसनपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगाकोला में अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने स्कूल की रसोई का ताला तोड़कर भारी मात्रा में सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी किए गए सामान में दो गैस सिलेंडर, 50-50 किलो चावल और गेहूं का कट्टा, 5 लीटर का प्रेशर कूकर, भगोना, 15 थाली और अग्निशमन यंत्र शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बढ़ती चोरी की घटनाएं चिंताजनक हैं और इससे शिक्षकों में रोष है। गंगेश्वरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर ने बताया कि चोर विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालयों को निशाना बना रहे हैं, जिससे शिक्षा जगत में भय का माहौल है। घटनास्थल पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक शालू तंवर, रश्मि नागर, रणवीर सिंह सहित अन्य शिक्षक और ग्रामवासी मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# लूट के मामले में 6 साल की सजा

**अयोध्या के युवक ने छीना था 8800 रुपए का बैग, 3 हजार रुपए का जुर्माना लगा**



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते एक पुराने लूट के मामले में दोषी को कड़ी सजा मिली है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुलतानपुर की अदालत ने अयोध्या (पूर्व में फैजाबाद) के इनायतनगर थाना क्षेत्र के कुचेरा पूरे तिवारी निवासी शीतल चौहान को 6 साल के कारावास की सजा सुनाई है। शीतल चौहान ने एक व्यक्ति का बैग छीन लिया था, जिसमें 8,800 रुपए रखे थे। पीड़ित की शिकायत पर बल्दीराय थाने में धारा 392/411 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। तत्कालीन विवेचक उमाशंकर पांडेय ने जांच के बाद पर्याप्त साक्ष्य जुटाए और 23 फरवरी 2013 को आरोप पत्र दाखिल किया। सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अदालत ने 31 जनवरी 2025 को यह फैसला सुनाया।

# तालाब में स्नान कर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत

**बूढ़े बाबू मठ पर लगा तीन दिवसीय मेला, लोगों ने प्रसाद चढ़ाकर मांगी मन्नत**

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र के अल्लीपुर खादर गांव में प्रारंभ हुए पारंपरिक तीन दिवसीय मेले का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधिवत उद्घाटन किया। बूढ़े बाबू के मठ पर आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, मठ के निकट स्थित तालाब में स्नान करने से कुष्ठ सहित विभिन्न त्वचा रोगों से मुक्ति मिलती है। मेले में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बच्चों की ट्रेन रही, साथ ही झूले, मीना बाजार और खेल-तमाशे की दुकानों ने मेले की रौनक बढ़ाई। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं खरीदीं, जबकि बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने मठ पर प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अपराध निरीक्षक बालेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। मेला आयोजक हरिसिंह प्रजापति भगत के अनुसार, इस वर्ष मेला तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम में बबलू कश्यप, पूर्व प्रधान अनिल कुमार, भोजराम सिंह, विजयपाल सिंह, अमित, गुलफाम, पूरन और सतपाल ठेकेदार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नगर पंचायत घघसरा में जीओ नेटवर्क ध्वस्त, उपभोक्ता परेशान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में जियो कंपनी नेटवर्क की हालत बेहद दयनीय है। मोबाईल धारकों को इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके जिम्मेदार बेखबर है। मजे की बात यह है कि जीओ कंपनी के टावर भी बाजार से लेकर हर जगह लगे हुए हैं। फिर भी फोन पर बात करते समय आवाज का सुनाई न देना, मैसेज का आदान- प्रदान बंद हो जाना आम बात है। आलम यह कि-कभी-कबार इनके उपभोक्ताओं को बात करने के लिए दूसरे साथियों से मदद लेनी पड़ती है। कंपनी 5 जीबी का पैसा लोगों से वसूलती है। वहीं सुविधा के नाम पर टोटा लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि जिओ कंपनी का पूरा नेटवर्क तंत्र स्थानीय बिजली व्यवस्था पर निर्भर है। बिजली गुल हुई, तो सारा नेटवर्क धराशायी हो जाता है। विगत दो दिनों से बिजली रहने उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल फोन सिर्फ एक डब्बा मात्र रह गया है। जीओ कंपनी नेटवर्क को लेकर बाजार के अशोक ,संदेश, शुकदेव पाण्डेय, विजय मिश्र, अर्जुन सहित आदि लोगों तत्काल सुधार करने की मांग की है।

### श्रीमद् भागवत कथा का सप्त दिवसीय आयोजन का शुभारंभ आज से

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत खजुहा कस्बे के श्री राधा कृष्ण पंचायती ठाकुर मंदिर में 3 फरवरी सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होने जा रहा है भव्य कलश यात्रा के तत्पश्चात भक्त भागवत कथा का रसपान कर पाएंगे वही कथा विश्राम 9 फरवरी दिन रविवार को होगा 10 फरवरी को हवन वा भंडारा का आयोजन सोमवार को होगा कथा वाचक के रूप में अयोध्या के विद्वान आचार्य अनूप पाण्डेय रहेंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आचार्य अनूप पाण्डेय ने बताया की कथा का विशेष आकर्षण नित्य मनमोहन झांकियों का दर्शन रहेगा कथा का समय दोपहर 2 बजे शाम 6 बजे तक रहेगा वही इस भगवान के पावन कार्यक्रम में सभी भक्त गण कथा रसपान के लिए आमंत्रित है

### पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

#### बिग बास्केट के पूर्व कर्मचारियों समेत 6 बदमाश गिरफ्तार, दो को लगी गोली

गौतम बुद्ध नगर, सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बिग बास्केट स्टोर में चोरी करने वाले 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घटना ऐस सिटी गोल चक्कर की है, जहां पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। एक सफेद टोयोटा एल्टिस कार को रोकने का इशारा किया गया

## प्रबन्धकों की समस्याओं के समाधान के लिए गोष्ठी में एकजुट होने का किया गया आह्वान



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ गोरखपुर इकाई ने मानीराम के प्रिशा इण्टरनेशनल स्कूल में प्रबन्धक एकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डा गोस्वामी गौरव भारती ने प्रबन्धकों से एक जुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। ताकि प्रबन्धकों की समस्याओं को मिलकर हल किया जा सके। प्रदेश कार्यालय प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि प्रबन्धक मजबूती के साथ संगठन से जुड़े और संगठन को शक्ति प्रदान करें। जिससे कि प्रबन्धकों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती न होने पाएं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवांश त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमहंस सिंह, प्रदेश विधिक सलाहकार, जिलाध्यक्ष गणेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल जायसवाल, जिला समीक्षा अधिकारी अरुण कुमार रावत, जिला उपाध्यक्ष गुनागर, जिला मंत्री नवीन श्रीवास्तव, जिला कार्यालय प्रभारी उमेश चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष कैम्पियरगंज धनपत यादव, ब्लाक अध्यक्ष भरोहिया डा सुनीता सिंह, कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रबन्धक प्रिशा इण्टरनेशनल स्कूल नवनीत चतुर्वेदी, प्रधानाचार्या श्रद्धा चतुर्वेदी, अजय त्रिपाठी, गंगा सागर त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबन्धक मौजूद रहे।

## गीडा में काम करने वाली महिला को ट्रक ने रौंदा, मौके पर हुई मृत्यु

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीड़ा थाना अंतर्गत पिपरौली चौकी के पास एक ट्रक ने गीडा में काम करने वाली महिला को रौद दिया ।मौके पर ही उसे महिला की मृत्यु हो गई। विश्वत सूत्रों से पता चला है कि सावित्री देवी पत्नी अजय कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष ग्राम काले चक्र पोस्ट पकड़ी दूबे, थाना गगहा ,तहसील गोला, गोरखपुर की निवासी थी ।जो गीड़ा में किराए का कमरा लेकर अपने चार बच्चियों के साथ रहती थी किसी फैक्ट्री में काम कर रही थी ।काम करने के बाद वह अपने क्वार्टर पर आ रही थी अनियंत्रित ट्रक ने दबोचते हुए निकल गया उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। ट्रक को गीडा थाना की पुलिस अपने कब्जे में ले ली है। वह अपने पीछे चार बच्चियों को छोड़कर चली गई ।जिसमें सोनम कुमारी 22 वर्ष जिसकी शादी तय हुई थी, साधना कुमारी 20 वर्ष, अंशिका कुमारी 16 वर्ष ,प्रतीक्षा कुमारी 6 वर्ष की है ।इसके बारे में चौकी इंचार्ज पिपरौली ने बताया है शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## लूट का अपराध करने के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार



**कब्जे से लूट का 22450 रुपये, घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल व 2 मोबाइल बरामद**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट के नेतृत्व में उ0नि0 राहुल दूबे मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2025 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त 1.आदित्य सिंह व 2.चन्दन सिंह को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूट के 22450 रुपये, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल व 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 61(2),317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैसला स्थित रविवार से नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुरू हुआ। इस मौके पर यजमान की तरफ से क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान हरहर महादेव के जयघोष पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रीमद भागवत कथा से जुड़े लोगों के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालु रविवार की सुबह कथा पंडाल में एकत्र हुए। श्रीमद भागवत महा पुराण के साथ निकली कलश यात्रा भैसला से शाहपुर के भुलना बाबा के स्थान पहुंचा, जहां आचायों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूलना बाबा के पोखरे से कलश में जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा मंडप पहुंचा, जहां विविधान से कलश की पूजन कर मंडप में स्थापित किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य कृष्णानंद जी महाराज, यज्ञ आचार्य अमित मिश्रा, आचार्य शिवम मिश्रा, बलराम मानस, अनुराग पाठक, चंदन शर्मा, मुख्य यजमान टिकोरी निषाद, फिरोज खान, अनिल पटेल, मोनू पांडेय, अवध राज गौड़, विवेक सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## अमौली के झोलाछाप डॉक्टर ने नवजात की छीनी जिंदगी

### परिजनों ने ताला बंद अस्पताल के बाहर काटा हंगामा रफू चक्कर हुए मुन्ना भाई

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कड़े निर्देशन के बाद भी जनपद के अनेक क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग में जमकर भ्रष्टाचार सामने आ रहा है ताजा मामला जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे का जहां पर संचालित प्रशस्ति फार्मा पाली क्लीनिक अस्पताल के उपचार के पश्चात हुई नवजात की मौत के बाद परिजन हंगामा काटते मिले मृतक नवजात के पीड़ित पिता मनीष यादव निवासी गोविंदपुर बिलारी थाना चांदपुर ने नजदीकी पुलिस चौकी अमौली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती थी जिसके प्रसव हेतु पत्नी को लेकर पीड़ित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचा जहां चिकित्सकों ने अभी समय पूरा न होने की बात बता कर वापस कर दिया मौके पर मौजूद गांव की आशा कार्यकत्री ललिता देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रसूता को बाहर निकाल प्राइवेट हॉस्पिटल प्रशस्ति फार्मा पाली क्लीनिक में प्रसव कराने का दबाव डाला आशा कार्यकत्री के बहकावे में आकर पीड़ित मनीष यादव अपनी पत्नी को लेकर प्रशस्ति फार्मा पॉलीक्लिनिक पहुंचा जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर कुलदीप पटेल ने तत्काल प्रसव कराने का आश्वासन देते हुए 30000 रुपए की मांग की आनन फानन पीड़ित ने पैसे की व्यवस्था कर मरीज को भर्ती किया जहां चिकित्सक के साथ चिकित्सक की पत्नी जो वर्तमान में क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में शिक्षिका भी बताई जा रही है उन्होंने अपनी टीम बनाकर प्रसूता का उपचार प्रारंभ कर दिया 12 घंटे अस्पताल में भर्ती कर उपचार करने के पश्चात परिजनों को जानकारी दी गई कि प्रसूता का अभी प्रसव समय पूरा नहीं हुआ इसलिए घर ले जाएं समस्या होने पर पुनः वापस ले आना पीड़ित अपनी पत्नी को लेकर घर पहुंचा तथा देर रात्रि पीड़ा होने पर पुनः अस्पताल पहुंचा जहां अस्पताल में ताला बंद मिला आनन फानन हालात बिगड़ते देख पीड़ित पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचा जहां उपस्थित स्टाफ नर्स तथा चिकित्सकों ने जांच की तो नवजात की मौत हो चुकी थी प्रसव संपन्न करते हुए किसी प्रकार से चिकित्सकों ने प्रसूता की जान बचाई वही यह जानकारी मिलते ही परिजनों ने कस्बे में खुले मुन्ना भाई एमबीबीएस के अस्पताल प्रशस्ति फार्मा पाली क्लीनिक में जमकर हंगामा काटा वही संचालक कुलदीप पटेल समेत सभी झोलाछाप रफू चक्कर मिले पीड़ित ने प्रशासन से तहरीर प्रस्तुत करते हुए न्याय की गुहार लगाई

#### सीएचसी अधीक्षक ने व्यक्त किया गहरा शोक

जानकारी लेने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम प्रसूता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई थी जिसकी संपूर्ण जांच स्टाफ नर्स चिकित्सकों द्वारा की गई समयावधि पूर्ण न होने के कारण समय पूर्ण होने के बाद प्रसूता को अस्पताल लाने की सलाह दी गई जांच के समय नवजात पूर्ण रूप से गर्भ में स्वस्थ था परंतु किसी के बहकावे में आकर परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे जहां के उपचार के पश्चात हालत बिगड़ने पर घर से पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए तथा चिकित्सकों ने जांच की अंतिम जांच में नवजात गर्भ में मृत पाया गया तथा कठिन परिश्रम के पश्चात प्रसव संपन्न करते हुए प्रसूता की जान बचाई गई नवजात की हुई मौत का चिकित्सा अधीक्षक को गहरा दुख है जिसकी जानकारी देते हुए चिकित्सक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि प्रसव सदैव अनुभवी चिकित्सक तथा सामुदायिक या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही कराया जाए जहां सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुसज्जित है

## शुगर मिल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- किसानों को मूलभूत सुविधाएं देने और रिकवरी बढ़ाने के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

बागपत, जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बागपत कोऑपरेटिव शुगर मिल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मिल की उत्पादन प्रक्रिया, रखरखाव और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मिल प्रशासन को गन्ना आपूर्ति और चीनी उत्पादन प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान प्रधान जनपद में किसानों की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिल में किसानों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, क्रियाशील शौचालय और पर्ची वितरण में सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा मानकों के कड़े पालन और तकनीकी खामियों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने मिल की दक्षता बढ़ाने और शुगर रिकवरी में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने मिल कर्मियों को किसानों के साथ मधुर व्यवहार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, मिल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मिल का बेहतर संचालन किसानों और मिल कर्मियों, दोनों के हित में आवश्यक है।

## बॉयफ्रेंड और पत्नी ने मिलकर रची मर्डर की साजिश

### स्कॉर्पियो से कुचलकर की युवती की हत्या, एक्सीडेंट का दिया रूप; दोनों गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक प्रेमी और उसकी पत्नी ने मिलकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि जिसे सड़क दुर्घटना बताया जा रहा था, वह एक सोची-समझी साजिश थी। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के तुगलपुर स्थित अंसल प्लाजा मॉल के पास काजल चौहान (22) की मौत हुई थी। शुरूआत में इसे सड़क दुर्घटना माना गया और परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, पुलिस की गहन जांच में मामला कुछ और ही निकला। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान के अनुसार, जांच में पता चला कि मृतका के प्रेमी शिव पांडे और उसकी पत्नी प्रतिमा ने मिलकर इस हत्या की योजना बनाई थी। दोनों ने जानबूझकर स्कॉर्पियो से काजल को टक्कर मारी और इसे सड़क दुर्घटना का रूप दे दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली है। आरोपी शिव पांडे जिला सुल्तानपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, यह हत्या पूर्व नियोजित थी और काजल को रास्ते से हटाने के लिए की गई थी। यह मामला दर्शाता है कि कैसे एक सामान्य दिखने वाली सड़क दुर्घटना के पीछे एक जघन्य अपराध छिपा हो सकता है। उन्होंने आगे खुलासा करते हुए बताया कि मृतका काजल और शिव पांडे पिछले 1 साल से रिलेशन में थे, जो पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। आरोपी शिव पांडे पहले से शादीशुदा था और उसकी शादी प्रतिमा नाम की महिला से हुई थी। इसके बारे में शिव पांडे ने काजल को नहीं बताया था और ना ही शिव पांडे की पत्नी प्रतिमा को काजल के बारे में कोई जानकारी थी। लगभग दो माह पहले शिव पांडे की पत्नी प्रतिमा और मृतका काजल को एक-दूसरे की जानकारी हो गई।

जिसके बाद आरोपी की पत्नी और आरोपी के बीच में लड़ाई झगड़ा होने लगा और उस झगड़े के बाद शिव पांडे मृतका काजल से मिला तो काजल ने शिव पांडे की प्रॉपर्टी में हिस्सा लेने के लिए और स्कॉर्पियो गाड़ी को बेचकर उसमें से भी हिस्सा लेने के लिए उस पर दबाव बनाया। इसके बारे में आरोपी शिव पांडे ने पूरी जानकारी अपनी पत्नी को दी और बताया कि ऐसे वह प्रॉपर्टी में हिस्सा मांग रही है।

## 25 हजार के इनामी कादिर ने दिया पुलिस को चकमा

### जेल में वीडियो बनाने के मामले में चल रहा है फरार

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, वारदात को कालेज में पढ़ने वाले जतिन त्यागी गुट ने की। इस हत्याकांड में कादिर बड्ढा को आरोपित बनाया गया था। सचिन की हत्या में कादिर को अमित मरिंडा ने पिस्टल मुहैया कराइ थी। उसके अलावा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में भी मंत्री के सामने कादिर ने फायरिंग की थी। उसके बाद दरोगा की पिस्टल छीनकर भागने लगा था। तब पुलिस की मुठभेड़ के कादिर के पैर में गोली लगी थी। बड्ढा गांव निवासी कादिर और हापुड़ के हसनपुर निवासी नदीम ने जेल में बंद बदमाश मशरूफ और सुरेंद्र गुर्जर से मुलाकात की थी। मुलाकात का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया गया था। दोनों की मिलाई के दौरान वेबकैम फोटो और आधार कार्ड की प्रति भी जेल में मिली थी। इस मामले में जेलर की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद कादिर के मेरठ जेल में भी फोटो और वीडियो की जानकारी सामने आई। एडीजी डीके ठाकुर ने इस मामले में जेल अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी तो मेडिकल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जेलर अवनीश कुमार की तरफ से भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि कादिर पुत्र आबिद अली निवासी कायस्थ बड्ढा भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष बासित अली का चचेरा भाई है। वह अपने सोशल मीडिया अकांउट पर पुरानी फोटो अपलोड करके आमजन में भय फैलाना चाहता है। कादिर बड्ढा मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में 30 जून 2022 से 24 मई 2024 और 31 अगस्त 2024 से आठ जनवरी 2025 तक जेल में रहा।

उसने जेल में रहे दूसरे बदमाशों के साथ आमजन में भय फैलाने के लिए फोटो प्रसारित किए।

## पूर्वजों की आत्मा शांति हेतु संपन्न हुआ विशाल गया भोज

### पूर्व विधायक समेत वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने निभाई सहभागिता

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कहिंजरा में तीन दिवसीय सुंदरकांड भजन संध्या रात्रि जागरण के पश्चात गया भोज आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक शंकर प्रसाद मिश्रा द्वारा आयोजित विशाल गया भोज में पहुंचे पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय अध्यक्ष मनोज गुप्ता करुणा शंकर मिश्रा लक्ष्मी शंकर मिश्रा आदि लोगों ने वैदिक पूजन हवन में सहभागिता निभाई प्रमुख यजमान शशी मिश्रा एवं शंकर प्रसाद मिश्रा ने कलश स्थापना के पश्चात वेद मंत्रों के साथ देवी देवताओं का आवाहन एवं पूजन किया विशाल गया भोज में आवाहित आचार्य हरिशंकर तिवारी के तत्वावधान में विधिवत पूजन संपन्न कराया गया प्रभात फेरी हवन पूजन के पश्चात पूर्व विधायक की मौजूदगी में सर्वजातीय ग्राम वासियों को अंग वस्त्र मुद्रा दान आदि करते हुए सम्मानित किया गया वही पूजन के पश्चात विशाल गया भोज प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा विशाल गया भोज भंडारे में हजारों की संख्या में भक्ति गणों तथा कोल भिल्लों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया आए हुए सभी भक्तों का यजमान समेत पुत्रवधू तृप्ती मिश्रा पत्नी मनीष मिश्रा आदि ने सादर आभार व्यक्त किया



## नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 1.10 करोड़

### कोर्ट के आदेश पर 8 के खिलाफ मुकदमा, 2012 में हुई थी मुलाकात

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, सेक्टर-110 ग्रुप हाउसिंग परियोजना में निवेश के नाम पर एक करोड़ 10 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है।

कोर्ट के आदेश पर 84 साल के पीड़ित ने थाना सेक्टर-39 में आठ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कोलकाता के मूल निवासी बीके चतुर्वेदी ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि साल 2012 में सिरसिज अरोड़ा, दीपक चंद्र सेक्टर-18 स्थित एक कंपनी में प्रॉपर्टी बुकिंग का काम करते थे। दोनों आरोपियों ने उनकी जमा पूंजी हड़पने के लिए भंगेल निवासी राहुल चौहान, ब्रह्म सिंह और अन्य लोगों के साथ मिलकर ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट लाने की जानकारी दी। आरोपियों ने दुबई में रहने वाले उनके पुत्र राजकिशोर चतुर्वेदी को निवेश के लिए प्रेरित किया। आरोपियों ने आर्किटेक्ट विशाल मिश्रा और मीनू जैन अरोड़ा से मिलवाया। फर्जी दस्तावेज दिखाकर 2024 में एमओयू कराया। आरोपियों ने मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर एक करोड़ 19. 80 लाख रुपए निवेश करा लिए। बाद में नौ लाख 50 हजार रुपए भी लौटाए।

## बसंतोत्सव 4 फरवरी को होगा सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के भारतीय शिशु मंदिर में 4 फरवरी को बसंतोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भारतीय शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रामबाबू चक्रवर्ती ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंतोत्सव का आयोजन 4 फरवरी को विद्यालय प्रांगण में किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति मौजूद रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे करेंगे।

## दो दिवसीय विशाल दंगल सोमवार से

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे का ऐतिहासिक दंगल सोमवार को शुरू होकर मंगलवार को संपन्न होगा। इस दंगल में प्रतिवर्ष कई प्रांतो के सुप्रसिद्ध पहलवान हिस्सा लेने आते हैं। दंगल के आयोजक जयप्रकाश दीक्षित बब्बू भइया ने बताया कि सैकड़ो वर्षों से बसंत पंचमी पर्व पर दो दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन कराया जाता है। इस वर्ष यह दंगल सोमवार एवं मंगलवार को आयोजित होगा।

## अपराधियों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े महिला से छिनौती की कोशिश

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे में अपराधियों के हौसले बुलंद होने से दिनदहाड़े एक महिला से छिनौती की कोशिश हुई। हालांकि छिनौती की कोशिश असफल हो गयी लेकिन पीडित पति पत्नी ने पुलिस को सूचना देकर विधिक कार्यवाही करने की मांग की है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिचौलीपुरवा निवासी शहनाज बानो अपने पति हाफिज इरफान के साथ ई रिक्शा लेने एक एजेंसी आई थी। तभी ईरिक्शा एजेंसी के पहले पुराने एचडीएफसी बैंक के सामने तीन चार युवक महिला का दुपट्टा खींचकर पर्स और मोबाईल लेकर भागे। लेकिन उनके भागते समय कुछ दूर पर ही महिला का पर्स और मोबाईल छिटक कर गिर गया। और छिनौती करने वाले रफूचक्कर हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करनी शुरू कर दी है। महिला के पति हाफिज इरफान ने बताया कि दिनदहाड़े इस तरह की घटना शर्मनाक है। उनका सामान बच गया है फिर भी उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर विधिक कार्यवाही की मांग की है।

# बसन्त पंचमी पर वार्षिक पत्रिका नव जागृति का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज, लखनऊ। आज बसन्त पंचमी के पावन पर्व पर नवजीवन इण्टर कालेज मोहनलालगंज लखनऊ में गत वर्ष की भांति स्थापना दिवस समारोह तथा वार्षिक पत्रिका ₹ नव जागृति ₹ का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय श्रीहर्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद एवं माननीय उच्च न्यायालय के सीनियर एडवोकेट डा० एल०पी० मिश्र भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा० सुशील पाण्डेय ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला विद्यालय के अध्यक्ष कर्नल संजीव मिश्र प्रबन्धक अनिल कुमार दीक्षित उप प्रबंधक नवेन्दु दीक्षित एवं प्रधानाचार्य हरि गोविन्द मिश्र सहित गणमान्य व्यक्ति शिक्षक-शिक्षिका अभिभावक एवं छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजय श्रीहर्ष द्वारा दीप प्रज्वलित करने तथा मां सरस्वती की प्रतिमा और संस्थापक अध्यक्ष पं० श्रीधर मिश्र एवं संस्थापक प्रबन्धक पं० लालता प्रसाद दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त हुआ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम एवं लघु नाटिकाऐं प्रस्तुत कर समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का मनमोह लिया मुख्य अतिथि संजय श्रीहर्ष ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि धन्य हैं संस्थापक अध्यक्ष पं०श्रीधर मिश्र और संस्थापक प्रबन्धक पं० लालता प्रसाद दीक्षित जिन्होंने स्वतंत्रता की स्वर्णिम बेला सन्‌ 1947 में अति विषम परिस्थितियों और निर्धनता के आलम में क्षेत्रीय जनता के बच्चों की शिक्षा के लिए नवजीवन इण्टर कालेज की स्थापना की आज उनका यह विद्यालय न केवल क्षेत्र बल्कि जिला और मण्डल स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहा है जिसके लिए विद्यालय परिवार वास्तव में बधाई का पात्र है मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के 100 होनहार मेधावी कला प्रवीण एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया हाईस्कूल परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा दर्शिका राजपूत 86 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अभय प्रताप सिंह और 85.6 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ममता को प्रमाण-पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया इसके साथ ही इण्टर विज्ञान वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्रा क्रमशः सचिन रावत श्रेष्ठ कुमार और शशी कुमारी को तथा इण्टर कला वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्रा क्रमशः प्रियंका मौर्या, वैष्णवी और श्रीकान्ती को भी प्रमाण-पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कक्षा-11 सी की छात्रा दर्शिका राजपूत और मण्डल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को भी पुरस्कृत किया गया अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य हरि गोविन्द मिश्र ने सभी अतिथियों और आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुरैनी धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं संत सम्मेलन का 19वां महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सरीला क्षेत्र के ग्राम पुरैनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं संत सम्मेलन का 19वां निर्माण महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुरैनी धाम में श्री श्री 108 स्वामी श्री सत्यानंद जी महाराज की असीम अनुकंपा एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत पुराण एवं संत सम्मेलन का आयोजन 26 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। तदोपरांत 1 फरवरी, 2 फरवरी व 3 फरवरी को दूर-दूर से आए हुए साधु संतों एवं महात्माओं द्वारा प्रवचनों का पूर्ण लाभ लिया जाता है। यह कार्यक्रम कई वर्षों से चल रहा है। और बड़े ही धूमधाम से हर वर्ष मनाया जाता है। पुरैनी धाम एक बड़ा ही प्रसिद्ध मंदिर है। जिसमें श्री सत्यानंद जी आश्रम पुरैनी धाम के नाम से जाना जाता है। 4 फरवरी को ग्राम पुरैनी में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें गांव, क्षेत्र सहित दूरदराज के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहते हैं। इस मौके पर सम्मानित ग्रामवासी एवं क्षेत्र के सभी लोग मौजूद रहे हैं। दूर-दूर से आए हुए संत महापुरुषों के द्वारा प्रवचन किए गए श्री श्री 108 श्री स्वामी कृष्णानंद जी महाराज आश्रम हरिद्वार, श्री श्री साध्वी नीलम गायत्री जी राष्ट्रीय प्रवक्ता आश्रम चित्रकूट धाम, श्री श्री 108 श्री स्वामी चिंदानंद जी महाराज आश्रम जालौन श्री त्रिलोकीनाथ दास जी महाराज मानस सेवक राष्ट्रीय प्रवक्ता आश्रम चित्रकूट मध्य प्रदेश श्री श्री 1008 श्री स्वामी धाताराम जी महाराज आश्रम लोदीपुर हमीपुर सभी महापुरुषों द्वारा प्रवचनों के दौरान उन्होंने भगवान कृष्ण का मथुरा गमन, कंस वध सहित अन्य कथाओं का सुंदर श्रवण कराया। जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुक्त हो उठे।

# जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती क्रम सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के सयुंक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी हमीरपुर के पातालेश्वर महादेव मंदिर में जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती क्रम समपन्न हुई महाआरती के प्रारंभ में मां गुरूवर के जयकारे गौरा यादव व मयंक ने लगवायें! इसके पश्चात माताभगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा व योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की पावन आरती क्रम समपन्न हुई! महाआरती में उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चुनूबाद कुशवाहा ने बताया कि समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, एवं चरित्रवान बनाना है तभी समाज में सुख शांति आयेगी! आप लोग अपनी शक्ति व सामर्थ्य को पहचाने! आप लोगो ने उस धरती पर जन्म लिया है, जिस धरती पर अनेक वीरांगनाओं ने जन्म लेकर अन्यायी-अधर्मियों को धूल चटाई है, वह शक्ति- सामर्थ्य आपके अंदर भी है! यदि आप लोग चाह ले, तो युग बदलते देर नही लगेगी! केवल स्वयं के अंदर निहित शक्ति को पहचानने और उपयोग करने की जरूरत है! पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरीओम योगभारती ने बताया कि जीवन में सदगुरु का और सेवाभाव का बड़ा महत्व है! हमें रूपया- पैसा, मान-सम्मान या अन्य चीजें कोई भी दे सकता है! परंतु हमारी आत्मा से एकाकार हमें स्वयं सदगुरु ही करा सकते हैं! सदगुरु की प्राप्ति पर हमारी अलौकिक क्षमताएं जाग्रत होती है, वही क्षमताएं जिसके बल पर सदगुरूदेव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज कहते हैं कि करोड़ों किलोमीटर दूर रहने वाले लोग भी जो मेरी विचारधारा पर चलते हैं, वे मेरी चेतनातरंगो के अधिकारी होगें। महाआरती में धीरेंद्र कुशवाहा, राहुल यादव, मोहित यादव, बाबूराम सोनी, अजय शिवहरे, किशन निषाद, हिमांशु यादव, चेतराम विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, कारेलाल प्रजापति, रामकिशोर प्रजापति, कमलेश प्रजापति, अनंतराम शिवहरे, प्रीति कुशवाहा, चंद्रकली गुप्ता, अनुराधा विश्वकर्मा, खुशी, सोनी सचान, पिंकी पाल, पूजा गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया! सभी को शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

## मकान विवाद के चलते किरायेदार गर्भवती को पीटकर सामान फेंका

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात कस्बे के वार्ड संख्या 3 में मकान विवाद के चलते एक पक्ष की आधा दर्जन महिलाओं ने घर में घुसकर किराएदार की गर्भवती पत्नी को जमकर पीटा और सामान निकालकर बाहर फेंक दिया। साथ ही घर पर रखी नगदी एवं सोने चांदी के जेवरात लेकर चले गए। वार्ड संख्या तीन की निवासी गुड़िया पत्नी नबी ने पुलिस को दी गई शिकायत में अवगत कराया है कि वह प्रेरणा पत्नी दीपक श्रीवास के मकान में तीन माह से किरायेदार है। प्रेरणा का मकान को लेकर ममता पत्नी संतोष प्रजापति से विवाद है। शनिवार को रात 10 बजे ममता आधा दर्जन महिला पुरुषों को साथ लेकर घर में घुस आई और गाली गलौज मारपीट करते हुए सारा सामान घर के बाहर फेंक दिया और कमरे में 35 हजार नगद व सोने चांदी के जेवरात लेकर चले गए। पीडिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# बांदा मार्ग किनारे बन रहे नाले का कार्य हुआ ठप

### समस्या के निराकरण हेतु पंहुचे सदर विधायक, पीडब्ल्यूडी व नगर पंचायत के अधिकारी

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या चार धर्मेश्वर बाबा मोहाल के मध्य से गुजरे बांदा मार्ग के किनारे अब नगर पंचायत नाले का निर्माण नहीं कराएगी। नाले का निर्माण सड़क के चौड़ीकरण के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जाएगा। यह निर्णय रविवार को सदर विधायक की मौजूदगी में नगर पंचायत से वार्ता के उपरांत पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं की मौजूदगी में हुआ। इससे मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली है। जल निकासी के ठोस इंतजाम के लिए नगर पंचायत सुमेरपुर ने धर्मेश्वर बाबा मंदिर के समीप से जीजीआईसी मोड की पुलिया तक एक साइड 35 लाख की लागत से नाला निर्माण का टेंडर कराकर निर्माण को हरी झंडी दी थी। निर्माण के लिए ठेकेदार ने खुदाई शुरू कर दी थी। खुदाई शुरू होते स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए नगर पंचायत पर मनमानी ढंग से निर्माण करने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति से की थी। बीते शुक्रवार को सदर विधायक ने नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, ईओ दिनेश आर्य की मौजूदगी में मौका मुआयना करके स्थानीय लोगों से वार्ता के बाद पीडब्ल्यूडी को मौके पर बुलाया था। रविवार को सदर विधायक के साथ पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता मुनेंद्र प्रताप सिंह, अवर अभियंता राजेंद्र सिंह सिसोदिया, कौशल कुमार, एसएस बनर्जी के साथ मौके पर पहुंचे और नगर पंचायत अध्यक्ष एवं ईओ की मौजूदगी में सहायक अभियंता ने बताया कि बांदा मार्ग के चौड़ीकरण का टेंडर हो चुका है। चौड़ीकरण के बाद दोनों तरफ नाला निर्माण किया जाएगा। अब नगर पंचायत इस कार्य को नहीं कराएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि अभी बांदा मार्ग सात मीटर चौड़ा है। अब दस मीटर चौड़ा बनाकर दोनों तरफ दो-दो मीटर चौड़ी पटरी बनाई जाएगी। पटरी के बाद दोनों तरफ नाला बनेगा। इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अब इस धनराशि से कस्बे के दूसरे वार्डो में निर्माण कार्य कराए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी बस स्टैंड से लेकर धर्मेश्वर बाबा तक दोनों तरफ जल निकासी के लिए नाला बनाएगा।

## कई जन्मों के पुण्य कर्मों से भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है - कथाव्यास

अमन लेखनी समाचार

ककरवई। समीपवर्ती ग्राम ककरवई में गोलोकवासी नारदानंद महाराज की पुण्य स्मृति में कुशमडिया शिव मंदिर पर चल रही संगीतमय श्री मद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस भागवताचार्य बृजेश शास्त्री द्वारा धुंधकारी और गौकरण की कथा का वर्णन किया गया। कथाव्यास ने कहा कि धुंधकारी, आत्मदेव और धुंधुली के बेटे थे। धुंधकारी दुराचारी था और उसने कई दुष्कर्म किए, अंत में उसने अपनी माता को भी मार दिया और प्रेत बन गया। बाद में उसके भाई गोकर्ण ने धुंधकारी को श्री मद्भागवत कथा सुनाकर उसे प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कई जन्मों के पुण्य कर्मों के फलस्वरूप ही मनुष्य को भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अंत में कथा परीक्षित किरण मानवेंद्र द्वारा महापुराण की आरती की गई इस मौके पर वीरेंद्र गौतम, जितेंद्र तिवारी, हरेंद्र गौतम (शास्त्री जी) विनोद पाठक, शिवकुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, कृष्णगोपाल (पताल), राजेश गुप्ता, दीपक तिवारी, प्रतिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भक्त मौजूद रहे।



# धूम धाम के साथ मनाया गया वंसत उत्सव पर्व

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। सामाजिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन के तत्वाधान में वसंत पंचमी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिंसमे संस्था के सभी पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वसंत उत्सव का शुभारंभ मा सरस्वती की विधि विधान से पूजन करके किया इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष नेहानीरज खरे ने कहा कि

सरस्वती पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है. यह पर्व हमें शिक्षा और कला के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है, और जीवन में सतत ज्ञानार्जन की भावना को प्रोत्साहित करता है। इस मौके पर संगीता शुक्ला, मनोरमा सिंह ने भी वंसत पंचमी के बारे में कहा कि इसी दिन वसंत के आगमन होता है. ठंड कम होने लगती है और गर्मियों की शुरूआत होती है. खेतों में सरसों के पीले फूल खिलते हैं, जो वसंत पंचमी के पीले रंग को दर्शाते हैं. वही पूनम सिंह ने संस्था के होने वाले आगामी आयोजन पर विस्तार से चर्चा की इसके उपरांत सभी ने मा सरस्वती जी के भजन को सामूहिक रूप से गाया जिसकी सभी ने सराहाना की संगीता शुक्ला, मनोरमा सिंह, पूनम सिंह, आरती सिंह, पूनम गौतम, अर्तिका शुक्ला, शानवी सिंह, विधि खरे आदि मौजूद रहे।

## श्री गहोई वैश्य पंचायत के तत्वाधान में 28 वाँ सामूहिक विवाह महायज्ञ हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



झांसी। श्री गहोई वैश्य पंचायत के तत्वाधान में प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया जाता है इस वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर 28 वाँ आयोजन भगवती पेट्रोल पंप के सामने गई सभागार में संपन्न हुआ। इस आयोजन में वर-वधू एवं परिजनों के ठहरने स्थान मंडप भोजन एवं विवाह सामग्री की व्यवस्था पंचायत द्वारा निशुल्क रूप से दी गई इस आयोजन गहोई वैश्य समाज के 7 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला डालकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया सामूहिक विवाह विधवा विधुर परित्यकता युवक युवतियां आवेदन कर सकती थी। विवाह के अतिरिक्त इस आयोजन युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें गहोई वैश्य समाज के सैकड़ो लोगों ने सहभागिता दर्ज की कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में झांसी सदर विधायक रवि शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह परीछा उपस्थित रहे। श्री गहोई वैश्य के पंचायत द्वारा संपूर्ण विवाह के कार्यक्रम के अवसर अपना दायित्व प्रमुखता निभाया गया जिसमें मुख्य रूप से संदीप सरावगी, अन्नू गुप्ता, बृजेश बडोनिया, केदार गुप्ता, नितिन सरावगी, ओमप्रकाश खांगट, प्रदीप नगरिया, राधेश्याम नीखरा, रामप्रकाश नाछोला, अमित सेठ, अनिल पटवारी, कुंज बिहारी गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र नगरिया, राजेंद्र रद्दी वाले, संजीव गुप्ता, राजू रक्सा, संजू, उमेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, रमेश गुप्ता, ओमप्रकाश विश्वरी, हरिओम सेठ, रज्जू, कमलेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# तकनीकी सहायक एसोसिएशन इकाई की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार को मनरेगा तकनीकी सहायक एसोसिएशन इकाई लखनऊ की बैठक जिला अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय की अध्यक्षता में की गई बैठक के दौरान शासन ने मनरेगा में ई एमबी का फरमान जारी एवं अन्य परेशानियों पर चर्चा की गयी। ई एमबी नियम लागू होने से तकनीकी सहायक काफी परेशान हैं और इसे अव्यवहारिक बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। इसमें बहुत विसंगतियां हैं। नित्य नए परीक्षणों के दौर से गुजर रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ई एमबी के लिए हुए एक अव्यहारिक आदेश से तकनीकी सहायक खासा परेशान है। जिसके चलते पूरी तरह से उनका कार्य प्रभावित होने की आशंका है। जिसके तहत प्रत्येक मनरेगा कार्य में टी-3 में आनलाइन एमबी होने के बाद ही मजदूरों के भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इस सन्दर्भ में जूम मीटिंग के तहत प्रशिक्षण दिया गया। परन्तु व्यवहारिक समस्याओं को नजरंदाज कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राम आशीष वर्मा ने बताया कि एक तकनीकी सहायक को औसतन 12-15 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में कार्य संपादित करना पड़ रहा है। प्रत्येक स्थल पर एक ही समय पर पहुंचना सम्भव नहीं है। मात्र 12192/- के अल्प मानदेय के अतिरिक्त कोई यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कम से पूर्ववत टी-5 की समय सीमा मापन हेतु देने के साथ ही सभी तकनीकी सहायकों को लैपटॉप की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाय। जल्दबाजी में लिये जा रहे इस निर्णय से तकनीकी सहायकों में चिन्ता व्याप्त है। इस अवसर पर इंजीनियर सुनील कुमार सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, बृजेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार अवस्थी, अजय कुमार, कुलदीप सिंह यादव, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, कुमार गौरव, रमेश कुमार, राजेश पाल, जेपी उपाध्याय, अंकित गुप्ता सहित अन्य तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

## खेत में लगे नीम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

### घरेलू कलह से आत्महत्या करने की चर्चा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के ग्राम माचा में घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने अपने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माचा निवासी रामपाल 40 वर्ष पुत्र घनश्याम श्रीवास घरेलू कलह के चलते शनिवार की शाम अपने घर से निकल गया था। सुबह उसका शव उसके खेत में लगे नीम पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही रामपाल के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल की ओर भागे। घटनास्थल पर ग्रामीणों का खासा मजमा लग गया। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक किसानी व मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी मौत से उसके परिवार के सामने पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। मृतक अपने पीछे 3 बच्चों व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# जीजा ने साले से की धोखाधड़ी

### लाखो रुपये नगदी समेत कार लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली पर एक युवक ने अपने जीजा के खिलाफ प्लाट दिलाने के नाम पर लाखो रुपये की ठगी और कार हड़प लेने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है आरोप है कि उसके जीजा पैसे और गाड़ी लेकर लम्बे समय से फरार चल रहे है कृष्णा नगर प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह ने बताया कि जय प्रकाश नगर आलमबाग निवासी प्राँशु अस्थाना पुत्र कौशल अस्थाना के अनुसार रिश्ते में उसके जीजा आशीष कुमार मूलनिवासी वाराणसी जो की वर्तमान में मन्दाकिनी अपार्टमेन्ट वृन्दावन विहार योजना तेलीबाग में रहे है जो लखनऊ में प्लाट-जमीन दिलाने के नाम पर उससे लगभग तीन लाख रुपये ठग लिए और बीते वर्ष अगस्त माह में वीआईपी रोड स्थित बैंकुठ धाम के पास से उसकी कार संख्या यूपी 60 एजे 2345 बहाने से मांग कर ले गया और कार समेत लापता हो गया और पीड़ित का मोबाईल नंबर भी रिजेक्ट कॉल में डाल दिया।

ठगी का शिकार युवक अपने जीजा के काफी खोजबीन के बाद कृष्णा नगर थाने पर धोखेबाजी से रुपये और कार हड़प लेने का आरोप लगा लिखित शिकायत की है कृष्णा नगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित जीजा की तलाश में जुटी है

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



वसंत ऋतु केवल भौतिक प्रकृति में परिवर्तन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का वाहक भी है। वसंत जीवन, स्वास्थ्य और संस्कृति का समग्र उत्सव है। यह ऋतु हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, उत्साह और आनंद के साथ जीवन जीने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने की प्रेरणा देती है। आइए, इस मनमोहक ऋतु में हम भी अपना मन-जीवन वासंती कर लें।

## प्रकृति-जीवन का उत्सव

# मनमोहक वसंत

आवरण कथा / संदीप भटनागर

*रितु ललित बसंती आन लगे,*
*हरे पत्र पियरान लगे।*
*घटन लगी छिन ही छिन रजनी,*
*रवि के रथ ठहरान लगे।*
*उमड़ आए चहुं ओर पताका,*
*मां मांरू फहरान लगे।*

पीली चूनर लहराती ग्राम बालाओं का स्वर मन में उतर वासंती उत्सव रच, मन-मानस वासंती कर रहा है।

### पौराणिक मान्यताएं

पौराणिक कथाओं के अनुसार वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने वसंत ऋतु का वर्णन करते हुए कहा है कि रूप और प्रेम के देवता कामदेव के घर पुत्रोत्पत्ति का शुभ समाचार प्राप्त होते ही प्रकृति झूम उठती है, पेड़ नवागत के लिए कोपलों का पालना डालते हैं, फूल वस्त्र पहनाते हैं, पवन झुलाती है और कोयल उसे गीत सुनाकर बहलाती है।

वसंत पंचमी को मां सरस्वती की उत्पत्ति का उत्सव भी कहा जाता है। इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा प्रचलित है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, तब हर तरफ शांति व्याप्त थी। कहीं कोई ध्वनि, किसी प्रकार का स्वर नहीं सुनाई पड़ रहा था। उसी समय भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्माजी ने अपने कमंडल से जल लेकर धरती पर छिड़का, जिससे अद्भुत शक्ति लिए चार भुजाओं वाली तेजमयी देवी प्रकट हुईं। उनकी दो भुजाओं में वीणा, एक भुजा में अक्ष माला और एक भुजा में पुस्तक थी। ब्रह्माजी ने उनसे वीणा बजाने को कहा। ब्रह्मा जी के कहने पर जब उन्होंने वीणा बजाई तो चारों ओर एक मधुर ध्वनि फैल गई। मोहक स्वर लहरियां गुंजित होने लगीं। इसके बाद ब्रह्माजी ने वीणा की देवी को सरस्वती नाम से विभूषित किया। सरस्वती को ज्ञान और संगीत की देवी के रूप में पूजा जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है, 'ऋतूनां कुसुमाकरः।' श्रीकृष्ण के कथन 'ऋतुओं में मैं बसंत हूं' के अनुरूप, यह ऋतु प्रकृति और जीवन की दिव्यता का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा वसंत को ऋतुओं में सर्वश्रेष्ठ घोषित करना इस ऋतु की आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाता है। यह ऋतु प्रकृति की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति है, जो जीवन के हर पहलू को सुंदरता और उल्लास से भर देती है।



### ऋतु चक्र में परिवर्तन का प्रतीक

ऋतु चक्र में वसंत ऋतु को विशेष स्थान प्राप्त है, जो भारतीय समाज और संस्कृति में विशेष स्थान रखती है। यह ऋतु केवल मौसम का परिवर्तन संकेत ही नहीं वरन जीवन का उत्सव है, प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है। इसे लोक जीवन और संस्कृति में उत्सव और उल्लास की ऋतु के रूप में देखा जाता है। वसंत ऋतु का आरंभ माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी से होता है, जिसे वसंत पंचमी कहा जाता है। सर्दी की ठिठुरन के बाद जब वसंत आता है, तो यह न केवल प्रकृति को हरियाली और रंगों से भर देता है, बल्कि मानव जीवन में भी उमंग और ताजगी का संचार करता है। इसीलिए वसंत ऋतु को प्रकृति का नवजीवन कहा जाता है। शीत ऋतु की कठोरता के बाद यह ऋतु धरती पर आनंद और उमंग का संदेश लेकर आती है। इस समय वृक्षों पर नई कोपलें फूटती हैं, सरसों के खेत पीले फूलों से भर जाते हैं, आम के वृक्ष बौर से सुसज्जित हो महकने लगते हैं और कोयल की मधुर कूक सुनाई देने लगती है। सुनहले पीले खेत किसानों के मन में उम्मीदों की फसल उगा देते हैं। यह परिवर्तन केवल दृश्य सौंदर्य न होकर ग्राम्य जीवन में खुशियों की नवीन आशा और उत्साह का संचार भी करता है।



### लोकजीवन में आए उल्लास

वसंत ऋतु का आगमन लोक जीवन में भी उल्लास और उत्साह का संदेश लेकर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय फसल कटाई का होता है, जो किसानों के जीवन में समृद्धि और खुशी लाता है। नई फसल के आने की खुशी में इस ऋतु में गांव-गांव में उत्सव और मेलों का आयोजन होता है। लोक गीत और नृत्य, वसंत ऋतु की भावना को अभिव्यक्त करते हैं। लोक गीतों में वसंत की प्राकृतिक छटा, प्रेम, उल्लास और उत्सव का वर्णन होता है।

*फूलों में रंग वसंती छाए/कोयल कूके मन भरमाए,*
*मधुर बांसुरी बजती झूमे/ ऋतु वसंती सबको भाए।*

किसानों के लिए यह समय भविष्य के सपनों को साकार करने का समय होता है। इस समय कृषि आधारित जीवन में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार होता है। वसंत का आगमन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए समृद्धि का संदेश लाता है। इस समय खेतों में सरसों, गेहूं और जौ की फसलें तैयार होती हैं, जो किसानों की आर्थिक संपन्नता का प्रतीक हैं। वसंत पंचमी को नए कार्यों के आरंभ के लिए शुभ माना जाता है। यह समय धर्म और अध्यात्म के साथ जुड़ने का भी है, जब प्रकृति के साथ मानव गहरा जुड़ाव महसूस करता है। सामाजिक दृष्टि से वसंत, मेलों और उत्सवों का समय होता है। ये आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि समाज में सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं।

### मां वाग्देवी की करते हैं आराधना

**परंपरा के** साथ भारतीय संस्कृति में भी वसंत का विशेष महत्व है। वसंत पंचमी का त्योहार विद्या और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। यह दिन देवी सरस्वती को समर्पित होने से ज्ञान, विद्या और कला की देवी की विशेष अर्चना-आराधना होती है। इस दिन विद्यार्थी अपनी पुस्तकों और वाद्य यंत्रों के साथ सरस्वती मां की पूजा करते हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं। यह पर्व जीवन में शिक्षा और ज्ञान के महत्व को भी दर्शाता है। इस दिन लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और पीले पकवान बनाते हैं, जो वसंत के रंग और सौंदर्य का प्रतीक है। इसके साथ ही होली, जो वसंत ऋतु के अंत में मनाई जाती है, प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देती है। इस पर्व पर लोग आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते हैं। लोकगीत, नृत्य और फाग के माध्यम से संस्कृति अभिव्यक्त होती है।

### स्वास्थ्य के लिए हितकर

स्वास्थ्य की दृष्टि से वसंत को 'प्रकृति का वरदान' कहा जा सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, यह ऋतु शरीर के त्रिदोषों यानी वात, पित्त और कफ से उत्पन्न दोषों को संतुलित करने और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का समय है। इस समय हल्का और पौष्टिक भोजन करना लाभदायक होता है। वसंत ऋतु में प्रकृति का सौंदर्य न केवल मन को आनंदित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी उत्तम बनाता है। खुला वातावरण, ताजी हवा और हरी-भरी प्रकृति मन और शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं। सैर, योग और व्यायाम इस ऋतु परिवर्तन के समय में विशेष रूप से लाभकारी होते हैं। *



## विश्व पुस्तक मेला-2025

# बरकरार है किताबों का जादू

नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल से शुरू हो गया है किताबों का मेला। पूरे देश से ही नहीं विदेशों से भी आने वाले पुस्तकप्रेमियों का लगने लगा है जमावड़ा। इस मेले की खासियतों और लोगों के मन में किताबों से बरकरार लगाव पर एक नजर।



आयोजन / लोकमित्र गौतम

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाला बहुप्रतीक्षित विश्व पुस्तक मेला-2025 कल से आरंभ हो चुका है और आगामी 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में किताबों का यह मेला सजा रहेगा। इस मेले के आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन और भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय हैं।

**अनूठी है मेले की थीम:** पांच दशकों की समृद्ध साहित्य-सांस्कृतिक विरासत के साथ यह पुस्तक मेला, इस बार रिपब्लिक-75 की थीम के साथ आयोजित हो रहा है। इस थीम को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन और कलाकृतियों का उपयोग किया गया है। वास्तव में यह थीम, भारतीय संविधान के 75 वर्षों के सफर तथा विकसित भारत की कल्पना में ज्ञान और किताबों की उपयोगिता के साथ संबद्ध है।



**पुस्तक मेले की महत्ता:** विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यहां सिर्फ किताबें ही नहीं बिकतीं बल्कि लेखकों, पाठकों और प्रकाशकों के बीच एक सरस और सुविधाजनक मेलजोल होता है। साहित्य, संस्कृति और विविध विचारों का, विविध भाषाओं के संदर्भों से आदान-प्रदान होता है। विश्व पुस्तक मेला, महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला, साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद भी होता है। पुस्तक मेले जैसे आयोजन सामुदायिक महत्व को भी दर्शाते हैं। क्योंकि ये विचारों के आदान-प्रदान का केंद्र भी बनते हैं। यहां लेखक, विचारक और कलाकार सब एक मंच पर मिलते हैं और विभिन्न रचनाओं का सामूहिक उत्सव मनाते हैं। पुस्तक मेलों में वैश्विक स्तर की सामग्री उपलब्ध होती है, वहां युवा और बच्चे इनकी तरफ खूब आकर्षित होते हैं। इस तरह नई पीढ़ी में भी पढ़ने की आदत विकसित करने में ये पुस्तक मेले मददगार होते हैं।

**कम नहीं हुई पठनीयता:** किताबों के बारे में एक सवाल उठता है कि मौजूदा दौर में जब पढ़ने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गई हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि इस संबंध में स्थिति बड़ी विरोधाभासी है। आमतौर पर 100 में 80 फीसदी लोग यही कहेंगे, अब किताबें कौन पढ़ता है? कुछ प्रकाशक भी किताबों की बिक्री को लेकर यही बात कहते हैं। लेकिन अगर किताबों की बिक्री के वास्तविक आंकड़ों को देखें या बड़े-बड़े लेखकों से बात करें तो या तेजी से लोकप्रिय हो रहे साहित्य उत्सवों में जुटने वाले लोगों के विचार सुनें तो यही लगता है कि किताबों का महत्व कभी कम नहीं होगा।

**इसलिए कम नहीं हुआ आकर्षण:** किताबों के प्रति लोगों में आकर्षण कम न होने की पहली महत्वपूर्ण वजह तो यही है कि आज भी पुस्तकों का सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व स्वीकार किया जाता है। दरअसल, किताबें किसी भी समाज की संस्कृति, इतिहास और ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। वे समय के साथ विचारधाराओं और परंपराओं को संरक्षित रखती हैं, जो डिजिटल माध्यमों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ होता है। किताबों का जादू इसलिए भी कायम है, क्योंकि किताबों को पढ़ना जहां मानसिक शांति पाना है, वहीं लगातार स्क्रीन का उपयोग आंखों और दिमाग को थकाता है। लेकिन कागजों की पुस्तकें पढ़ने का अनुभव हमेशा स्क्रीन के मुकाबले शांतिपूर्ण और बिना किसी तनाव वाला होता है।

**बढ़ती है समझ-याद्दाश्त:** हाल के सालों में हुए कई शोधों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि किताबें पढ़ने से गहरी समझ बनती है और याद्दाश्त बढ़ती है, जबकि स्क्रीन में पढ़ने से चीजें याद नहीं रहतीं और वे ज्यादा समय तक स्मृति में भी नहीं रहतीं।

**स्तर होता है बेहतर:** स्क्रीन रीडिंग के दौर में भी अगर कागज में छपी किताबें पढ़ने के लिए आकर्षित करती हैं, तो इसकी एक वजह यह भी है कि डिजिटल कंटेंट आमतौर पर किताबी कंटेंट के मुकाबले बेहद सतही होता है, जो पढ़ने की महज तात्कालिक जरूरत भर पूरा करता है, वहीं छपी हुई किताब गहरी सोच और आत्म निरीक्षण को बढ़ावा देती है।

**होता है स्थायी प्रभाव:** किताबों का जादू आज भी सिर चढ़कर इसलिए बोल रहा है, क्योंकि ये सिर्फ ज्ञान का स्रोत भर नहीं होतीं, ये हमारे मन-मस्तिष्क में एक स्थायी प्रभाव भी छोड़ती हैं। *



गीत / गोविंद भारद्वाज

## वसंत भरा तुझ में

फूलों सी खुशबू तुझ में है,
सांसों को भाए तू ही तू।
तितली सरीखी उड़ती फिरे,
मन में इठलाए तू ही तू।
रंग वसंत का भरा तुझमें,
प्यारी तेरी है सुंदरता।
छू कर देखें तो लगता ये,
मखमल जैसी हो कोमलता।
जब देखें निगाहें उठाकर,
आंखों में छाए तू ही तू।
तितली सरीखी उड़ती फिरे,
मन में इठलाए तू ही तू।
लगती है तू उजली किरण,
अभिनंदन करे धूप तेरा।
कंचन जैसा निखरा-निखरा,
लगता है मुझे रूप तेरा।
उपवन की नन्ही कलियों-सी
हरदम मुस्काए तू ही तू।
तितली सरीखी उड़ती फिरे,
मन में इठलाए तू ही तू।
अधरों पर मकरंद भरा है,
पीने को सबका जी चाहे।
सरसों सी महकी-महकी तू,
भौंरों को तू पास बुलाए।
वसंत ऋतु क्या आई दिलबर,
दिन भर बलखाए तू ही तू।
तितली सरीखी उड़ती फिरे,
मन में इठलाए तू ही तू।

छोटी कहानी / अशोक वाधवाणी

## कुंभ स्नान और मां



आलोक अपने पिता की मृत्यु के बाद अपनी मां का विशेष ध्यान रखने लगा। पत्नी खुशबू और मां के बीच कभी मनमुटाव, मतभेद होता तो वह अधिकतर मां का पक्ष लेकर, खुशबू को अकेले में समझाता, 'तुम्हें मां से कभी कोई शिकवा-शिकायत हो तो मुझे बताया करो। शिकायत उचित होगी तो मां को जरूर समझाऊंगा। हम दोनों का कर्तव्य बनता है कि मां का मान-सम्मान करें। मां को इस बात का अनुभव नहीं होना चाहिए कि पिता जी के निधन के बाद वो अकेली और असहाय हैं।'

आलोक की बातें खुशबू को तीर के समान चुभती थीं। दरअसल, उसके मन में अपनी सास के प्रति ईर्ष्या-द्वेष के भाव भरे थे। खुशबू धीमे-धीमे अपनी सास के विरुद्ध आलोक के कान भरने लगी। अचानक एक दिन आलोक ने मां से कहा, 'कुंभ मेले में स्नान करके, पुण्य पाने के लिए प्रयागराज चलने की तैयारी करो, मां।'

मां को अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ। खुशी के मारे मां के पांव जमीन पर नहीं टिक रहे थे। भागती-दौड़ती अपनी सहेली शांति के घर पहुंची। प्रयागराज जाने की खुशखबरी सुनाई। शांति अपनी सहेली के प्रति बहू-बेटे के व्यवहार से भली-भांति परिचित थी, उसका माथा ठनका। उसके चेहरे पर प्रसन्नता की जगह चिंता के भाव उमड़े। शांति ने अपनी सहेली को कुंभ मेले में न जाने की सलाह दी। उसे यह सुनकर आश्चर्य हुआ। उसकी समझ में नहीं आया कि शांति उसे क्यों रोक रही है? बुरा मानने की बजाय शांति को समझाते हुए वह बोली, 'सहस्त्रं कार्तिके स्नानं माघे स्नानशतानि च।

वैशाखे नर्मदा कोटिः कुंभस्नानेन तत्फलम्।। अर्थात कार्तिक माह में एक हजार बार, माघ में सौ बार गंगा में और वैशाख में करोड़ बार नर्मदा में स्नान करने से जो फल मिलता है, वह प्रयाग कुंभ में एक बार स्नान करने से प्राप्त होता है। मुझे क्यों रोक रही हो?'

शांति ने सहेली की खुशी की खातिर चुप्पी साध ली। बस हंसी-खुशी जाने को कहा। उसने मुस्कुराते हुए शांति को गले लगा लिया।

कुंभ मेले में पहुंचते ही उमड़ा जन सैलाब देखकर मां आनंद-विभोर हो उठी। मन मचलने लगा, त्रिवेणी संगम में स्नान करने को। पति के गुजरने के बाद, कुंभ मेले के पवित्र स्नान की आस छोड़ चुकी मां ने मन में ईश्वर का आभार माना। मन में बेटे को भी आशीर्वाद देते हुए कहा, 'ऐसी आज्ञाकारी संतान सबको नसीब हो। बेटा भी इस पुण्य का भागीदार बनेगा।' फिर जय गंगा मैया! का जयकारा लगाते मां नदी में डुबकियां लगाने लगी। सुध-बुध खोकर, श्रद्धा भाव से स्नान करने लगी। आलोक ने मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा था।

उधर खुशबू मोबाइल पर आलोक से हाल-चाल लेना चाह रही थी, लेकिन मोबाइल बंद होने के कारण चिंतातुर हो उठी। रात में सास के साथ पति को घर लौटा देखकर उसकी सारी चिंताएं दूर हो गईं। तुरंत पति को कमरे में ले जाकर सास के बारे में पूछा, 'तुम तो अपनी मां को कुंभ में छोड़कर आने वाले थे, पर इनको साथ लेकर वापस आ गए?'


आलोक ने जवाब दिया, 'दरअसल, तुम्हारे बहकावे में आकर, मां को कुंभ मेले में छोड़कर आने वाला था। लेकिन वहां एक महिला की सास गुम हो गई थी, वो दहाड़े मारकर रोने लगी।

मेरा मन अपनी मां के लिए द्रवित हो गया। आत्मग्लानि होने लगी। इसके अलावा मैंने वहां देखा कि श्रद्धालुओं की सेवा और सहायता भी की जा रही है, ताकि वे बेहतर अनुभव लेकर घर लौटें। मैं भला कटु अनुभव लेकर पाप का भागीदारी कैसे बनता? इसलिए मां को साथ ले आया। तुम बार-बार फोन करके मां के बारे में न पूछो, इसलिए मोबाइल स्विच ऑफ किया था।'

पति की बातें सुनकर, खुशबू को भी पछतावा हुआ, बोली 'मैं कितनी स्वार्थी मूरख हूं, जो मां से मुक्ति चाहती थी।' उधर मां चुपके से बहू-बेटे की बातें सुनकर, दोनों को आशीर्वाद दे रही थी। *

लघुकथा / यशोधरा भटनागर

## सरस्वती पूजन



उसने कई दीप प्रज्वलित कर मां की वंदना की, 'या कुंदेंदुतुषार हार धवला... हे श्वेतांबरा मन-मस्तिष्क का अंधकार दूर कर, ज्ञान से आलोकित कर दो।' फिर घंटी बजाई।

'मां! प्रसाद..!' उसके बेटे गोलू-छोटू का ध्यान, हमेशा की तरह पूजा से अधिक प्रसाद की ओर ही था। केसरिया भात तो दोनों को बहुत पसंद है।

तभी बर्तनों की आवाज से लगा कि कमली आ गई है शायद! हाथ में प्रसाद लिए वह आंगन की ओर गई। कमली के पास ही आठ-दस साल का बच्चा, रूखे बाल, सूखे चेहरे पर कंचे सी चमकती आंखें और देह पर अपनी उम्र से बड़े कपड़े लटकाए आंगन में बैठा कोयले से लगातार आड़ी-तिरछी रेखाएं खींच रहा था।

कमली ने बिना उसके पूछे बताया, 'मैडम जी, जे हमाओ बड़ो बेटा आय। कल रात इसके बाप ने खूब दारू पी लई और सबन को गरियान लगा। इत्तो गुस्सा में हतो कि जलते चूल्हा में इसका बैग फेंक दओ। अब बिना किताबों के ये इस्कूल कैसे जै है? खूब परेशान हो गए सम तो। सिर पिरान लगो है।'

'अब..?' उसने पूछा।

'हमें तो कछु नहीं समझ आ रओ। पता नहीं का हुई है।' कमली की आवाज में गहरी चिंता थी।

'मॉम... मॉम! बाय-बाय!' कहते हुए गोलू और छोटू दोनों अपना-अपना बस्ता टांगे अपने पापा के साथ कार में जा बैठे।

कमली का लड़का अभी भी कोयले से जमीन काली कर रहा था।

'कमली यह ले।' उसने पूजा की थाली में चढ़ाए पांच सौ के दो नोट उठा कर कमली की हथेली पर रख दिए और बोली, 'इसे आज ही किताबें खरीद देना और रोज चार बजे मेरे पास पढ़ने के लिए भेज देना। गोलू-छोटू के साथ यह भी पढ़ लेगा।'

सहसा बहती वासंती बयार से मां सरस्वती की मूरत पर चढ़ा पीला फूल नीचे गिर गया। हाल ही में पूजी गई पुस्तकों के पन्ने फड़फड़ाने लगे। दिपदिपाता दीपक जल रहा था। *

